CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, रविवार 21 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 170 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार की नीयत साफ हो, तो योजनाएं अपना रास्ता बना लेती हैं: योगी पेज 2



भारत को पाकिस्तान के 'पलटवार' से सतर्क रहना होगा खेल टाइम्स



सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाकिस्तान: रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पेज 11



शाहरुख खान की 'किंग' पर सबकी नजर बॉलीवुड


## टैरिफ के नशे में चूर ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# H-1B वीजा के लिए 88 लाख रुपये वसूलेगा अमेरिका, यात्री जहाज से उतरे

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका अब** एच-1बी वीजा के लिए हर साल एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) एप्लिकेशन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। नए चार्ज 21 सितम्बर से लागू होंगे। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 5 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था।

अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च करीब 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा भारतीय (72 फीसदी) इसका इस्तेमाल करते हैं। अब वीजा फीस बढ़ने से 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ट्रम्प ने 19 सितम्बर को एच-1बी वीजा को लेकर नियमों में बदलाव से जुड़े ऑर्डर पर साइन किए। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड, ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड और कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। एच-1बी वीजा एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिये दिए जाते रहे हैं, क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे आईटी, आर्किटेक्चर - **शेष पृष्ठ दो पर**




**छह साल का खर्च 50 गुना बढ़ा, तीन लाख भारतीयों पर असर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ऑर्डर पर किए हस्ताक्षर**

**2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में से 1,91,000 लोग भारतीय थे, ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गया**

### एच-1बी वीजा की फीस बढ़ने के बाद भारतीय यात्रियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ा दी है। इससे देश लौट रहे भारतीय यात्रियों में हड़कंप मच गया है। सैन फ्रांसिस्को से भारत आ रही फ्लाइट में कई भारतीय यात्रियों ने बैठने के बाद ही विमान से उतरने की मांग कर दी। इसके अलावा दुबई से अमेरिका जा रही फ्लाइट में बैठे कई यात्री भी एयरपोर्ट पर ही उतर गए। उन्हें डर था कि वे समय पर अमेरिका नहीं पहुंच पाएंगे और नए नियम लागू होने के बाद दोबारा एंट्री मुश्किल होगी। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मार्गन जैसी कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों को अमेरिका से बाहर न जाने की सलाह दी है। वहीं, छुट्टियों या त्योहारों के लिए भारत आए कई भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अब फंस गए हैं। ट्रम्प के ऐलान के तुरंत बाद भारत-अमेरिका फ्लाइट का किराया दोगुना हो गया। दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए एकतरफा टिकट जो 37 हजार रुपये में मिल रहा था, वह 70-80 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### लुढ़के अमेरिका में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा की फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी सेअमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों के शेयर गिर गए। अउस समय तक भारत में शेयर बाजार बंद हो चुके थे, लेकिन अमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों पर उसका असर देखा गया। नैसडेक में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों कॉग्निजेंट का शेयर 4.73 प्रतिशत लुढ़क गया। इंफोसिस में 3.41 प्रतिशत और विप्रो में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सिफी टेक्नोलॉजीज का शेयर 0.17 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.48 फीसद और आईसीआईसीआई बैंक का 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## विकसित भारत में वर्तमान न्यायिक व्यवस्था बड़ी बाधा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पीएम के एडवाइजर बोले- माई लॉर्ड शब्द अंग्रेजों ने दिया, इसे बदलना चाहिए, कोर्ट में महीनों तक छुट्टी गलत**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजर काउंसिल (ईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा ज्यूडिशियल सिस्टम सबसे बड़ी बाधा है। कई कानून ऐसे हैं, जो समस्या को आसान की बजाय जटिल बना देते हैं।

कोर्ट में माई लॉर्ड जैसे शब्दों से भी आपत्ति है, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें बदलना चाहिए। इसके साथ ही सान्याल ने अदालतों में महीनों तक छुट्टी होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भी राज्य के किसी भी अन्य हिस्से की तरह एक सार्वजनिक सेवा है। क्या आप पुलिस विभाग या अस्पतालों को महीनों तक बंद रख सकते हैं। संजीव सान्याल ने ये बातें दिल्ली में भारतीय महाधिवक्ता के सम्मेलन में कहीं। इस सम्मेलन का विषय 2047 में विकसित भारत के लिए भारत के कानूनी आधार की पुनर्कल्पना था। सान्याल ने आगे कहा कि भारत की सबसे बड़ी दिक्कत कानून और न्याय को समय पर लागू न कर पाना है। हमारे देश में समझौते और न्याय समय पर पूरे नहीं होते। इस वजह से भले ही हम सड़कों, इमारतों या शहरों पर बहुत पैसा खर्च करें, असली विकास रुक जाता है। उन्होंने एक 99-1 समस्या का जिक्र किया। असल में सिर्फ 1 फीसदी लोग नियमों का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्योंकि हमें भरोसा नहीं है कि अदालतें ऐसे मामलों को जल्दी सुलझा देंगी, तो सरकार सारे नियम ऐसे बनाती है कि उस 1 फीसदी को भी रोका जा सके। नतीजा ये होता है कि बाकी 99 फीसदी ईमानदार लोग भी उन जटिल नियमों में फंस जाते हैं। सान्याल ने कहा कि मुकदमा दायर करने से पहले अनिवार्य मध्यस्थता का नियम सही सोच के साथ लाया गया था, लेकिन असल में उल्टा असर कर गया।

### वोट चोरी कर सत्ता में आए मोदी हमारे पास पक्के सबूत: राहुल गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक हाइड्रोजन बम सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं।

### सिंगर जुबीन की मौत मामले में ऑर्गेनाइजर व मैनेजर पर FIR

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आर्गेनाइजर श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ असम के मोरीगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों पर आरोप है कि जुबीन को इवेंट के बहाने विदेश ले जाया गया, लेकिन असली मकसद उनकी हत्या करना था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि सरकार जुबीन की मौत की जांच कराएगी। राज्य भर में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसलिए डीजीपी हरमीत सिंह को निर्देश दिया है कि सभी एफआईआर मिलाकर एक केस दर्ज करें और जांच सीआईडी को सौंपी जाए।

### बर्खास्त IAS पूजा खेडकर का फैमिली बॉडीगार्ड अरेस्ट

**पुणे।** बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार के बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे को नवी मुंबई पुलिस ने धुले से गिरफ्तार किया है। पूजा के पिता दिलीप और मां मनोरमा फरार हैं। इन तीनों पर एक ट्रक हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले 15 सितम्बर को जब पुलिस हेल्पर के अपहरण मामले में खेडकर के घर पहुंची थी, तो मनोरमा खेडकर ने पुलिस से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया था। इस दौरान दिलीप व मनोरमा ने अगले दिन थाने आने का वादा किया था, लेकिन दोनों एसयूवी समेत फरार हो गए थे। पुलिस ने मनोरमा पर सरकारी काम में बाधा डालने, सबूत नष्ट करने और आरोपी को बचाने का मामला दर्ज किया है।

### दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह फिर एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी सुबह करीब साढ़े नौ बजे फोन कॉल्स और संदेशों के माध्यम से मिली, जिसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी पाने वाले स्कूलों में डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और सर्वोदय को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब मीनार (महरौली) शामिल हैं।

## एच-1बी वीजा: राहुल व खड़गे ने मोदी को बताया कमजोर पीएम

**कहा: मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए**

**नई दिल्ली।** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता ने श्री मोदी को फिर कमजोर प्रधानमंत्री बताया और कहा कि मैं दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री कहने वाले श्री गांधी के पांच जुलाई 2017 के ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि आठ साल बाद राहुल गांधी एक बार फिर सही साबित हुए हैं। उन्होंने 2017 में भी यही कहा था और कुछ नहीं बदला। भारत अभी भी एक कमज़ोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के एच-1-बी1 वीजा शुल्क में भारी वृद्धि करने के निर्णय को भारतीयों के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। श्री खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जी जन्मदिन की फोन पर मिली बधाई के बाद आपको मिले रिटर्न गिफ्ट्स से देश के लोग दुखी हैं। ट्रम्प सरकार की ओर से आपके 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट है, एच-1बी वीज़ा पर एक लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क का सबसे ज्यादा असर भारतीय तकनीकी कर्मियों पर है, क्योंकि 70 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं।

### गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश: गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं।

## चिप हो या शिप, हमें बनाने होंगे: पीएम मोदी



**कहा: इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए शनिवार को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। 17 सितम्बर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद, एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां छिपे जैश के 2-3 आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ वाले इलाके में रातभर कड़ी घेराबंदी कर शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलीकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा MIG-21

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिग-21 फाइटर जेट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा**
**62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था मिग-21, 3 जंग में शामिल रहा, अब तक 400 क्रैश**



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलसीए एमके1ए को शामिल किया जाएगा।

चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग.21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। अक्टूबर 2023 में मिग-21 लड़ाकू विमान ने राजस्थान के बाड़मेर शहर के ऊपर से आखिरी बार उड़ान भरी थी। भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एलएएल) ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी। फरवरी 2019 पुलवामा अटैक में भारत के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके 2 हफ्ते बाद 26 फरवरी को वायुसेना ने मिराज जेट्स से बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंप पर एयर स्ट्राइक की थी।

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### आज अपराधियों में दिखता है कानून का खौफ: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि 2017 के बाद से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभियान शुरू हुआ। आज आलम यह है कि अपराधी मुख्यमंत्री योगी का नाम सुनकर ही कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले क्या हालात थे किसी से छुपे नहीं। हमारी बहनें 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति को एक बार याद करें। 2017 से पहले बेटी 5 बजे घर नहीं आती थी, तो परिवार घबराता था।नारा चलता था देख सपाई बिटिया घबराई। श्री पाठक ने कहा कि आज अपराधी गले में तख्ती लटका कर कह रहे हैं अपराध नहीं करना है।आज अपराधी अपराध से तौबा तौबा चिल्ला रहे हैं।

### इस्लाम में फिल्में देखना और दिखाना नाजायज: रजवी

**बरेली।** ऑल इंडिया जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बरेली में एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी फिल्म को देखना और दिखाना दोनों को नाजायज बताया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना शरीयत के नजरिए से गलत है और जो भी इसे देखता है, उसे तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने यह बयान पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जोड़ते हुए दिया, जहां उन्होंने फिल्म को लेकर सख्त रुख अपनाया। मौलाना शहाब.द्दीन ने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना नाजायज है। अगर कोई इसे देखता है, तो वह शरीयत के हिसाब से गलत है। उनका यह बयान सोशल मीडिया और स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।

# यूपी में नियुक्तियों में हुए घोटाले: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ योगी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में पीडीए के साथ भेदभाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 9 साल में नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं, सरकार खुद शामिल है इन घोटालों में। बड़े पैमाने पर भेदभाव पीडीए परिवार के साथ हो रहा है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में योगी सरकार पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? उन्होंने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? हिमालयों को बचाया नहीं जा रहा, उनमें डायनामाइट लगाकर सड़के बनाई जा रही है।

छुट्टा जानवर, अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने देश के प्रधानमंत्री जी से भी आश्वासन दिलवा दिया था, सोचिए डबल इंजन क्या कर रहा है।

### हमारे देश की विदेश नीति फेल: सपा

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बीजा आवेदकों को प्रायोजित करने वाली कंपनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर 100,000 डॉलर करने के आदेश पर यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को घेरा है।

सपा मुखिया ने कहा कि हमारी विदेश नीति कमजोर ही है। हमारी तैयारी क्या है? हमारे देश को आर्थिक रूप से जितना मजबूत दिखाई देना चाहिए था, हमें नहीं दिख रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे हैं।

# घरेलू हिंसा में अंतिम घटनास्थल की अदालत को सुनवाई का अधिकार: हाईकोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

■ बरेली की महिला की याचिका पर निचली अदालत का आदेश रद्द

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने चरनजीत कौर की याचिका पर दिया है।

बरेली निवासी युवती की शादी उत्तराखंड में हुई थी, लेकिन वह राजस्थान में रह रही थी। घरेलू हिंसा की शिकायत के बाद वह बरेली आ गई और वहां पुलिस से शिकायत की। इस पर थाने में दोनों पक्ष एकत्र हुए तो ससुरालवालों ने उसे धमकी दी। इसी घटना के आधार पर उसने बरेली की अदालत में गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की। इस पर मजिस्ट्रेट ने पति को 9,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को अपर सत्र अदालत ने यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि बरेली की अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इस आदेश को पीड़िता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के अनुसार जहां पीड़ित स्थायी या अस्थायी रूप से रहता है या जहां विपक्षी रहता है या जहां हिंसा की आखिरी घटना हुई हो, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। बरेली में ही पीड़िता के साथ आखिरी बार घरेलू हिंसा की घटना हुई थी। इसलिए वहां की अदालत को उसकी याचिका पर सुनवाई का अधिकार है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने आरोपी अनुज सिरोही की अर्जी पर दिया। अनुज के खिलाफ मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाने में अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सही नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सह-अभियुक्त विजय की याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले ही रोक लगा रखी है और शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। वहीं सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया।

## सीएम ने यूपी के थानों में लॉन्च किया मिशन शक्ति-5 अभियान

# यूपी की बेटियां खुद बना रहीं अपने रास्ते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 44 हजार हुई

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों की एसओपी पुस्तिकाओं, बुकलेट और सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश फोल्डर का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। सरकार की नीयत साफ होती है, तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं। सीएम योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के 5वें चरण का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कर्मचारियों की संख्या महज 10,000 थी, लेकिन 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई है। हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है। हाल ही में संपन्न 60,200 पुलिस कर्मचारियों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है।

इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर कहा कि बेटी के जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये का पैकेज दिया जाता है। जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष पर 2,000 रुपये (टीकाकरण के बाद), पहली और छठी कक्षा में 3,000-3,000 रुपये, 9वीं में 5,000 रुपये और 12वीं पास करने पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं।

### उप्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में जो भी महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा और कानून व्यवस्था को तोड़ेगा उसका बुरा हश्र होगा। कहा कि यूपी में अपराधियों की कोई जगह नहीं है। एक अपराधी मारीच बनकर आया था। वो जब पुलिस की गोली से घायल हुआ तो कहने लगा कि मुझसे गलती हो गई, जो मैं उत्तर प्रदेश आ गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। इसमें खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। बता दें कि दिशा पाटनी के बरेली स्थित पुश्तैनी आवास पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना पर एसएसपी अनुराग आर्या ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में उसके साथ रहे अनिल नामक युवक को भी दबोच लिया गया है। बता दें कि मुठभेड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि घायल आरोपी जमीन पर गिरा हुआ है और पुलिस से हाथ जोड़कर कह रहा है, ष्बाबा के उत्तर प्रदेश में कभी नहीं आएंगे सर। पुलिस ने आरोपियों के पास से .32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और चार चले हुए खोखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने घर में फायरिंग की बात कबूल की।

# गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

अयोध्या, वार्ता

■ अयोध्या कैंट में चल रहा था धंधा, सात पकड़े

उत्तर प्रदेश में अयोध्या कैंट के फतेहगंज क्षेत्र में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात छापेमारी करके सेक्स रैकेट सरगना, तीन पुरुष और ग्यारह महिलाओं को रंगेहाथ दबोच लिया और पूछताछ के लिए नगर कोतवाली ले गई।

क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने छापेमारी अभियान की कमान खुद संभाली। इस गेस्ट हाउस में पुलिस पहले भी छापेमारी कर चुकी है। पुलिस ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया है। अयोध्या कैंट क्षेत्र के व्यापा. रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले फतेहगंज के खीर वाली गली स्थित एक गेस्ट हाउस में यह देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस को मौके पर तीन पुरुष व 11 महिलाएं मिली, जिन्हें हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इसमें गेस्ट हाउस संचालक गणेश अग्रवाल भी शामिल है। इस प्रकरण में कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फतेहगंज चौकी के ठीक सामने खीर वाली गली है। इस गली में कुछ दूरी पर राणी सती गेस्ट हाउस है। इस गेस्ट हाउस में स्थानीय लोगों के द्वारा काफी दिन से देह व्यापार संचालन की शिकायतें की जा रही थी। गेस्ट हाउस पर इसके पहले भी इस तरह के आरोप लगते रहे है। फतेहगंज चौकी क्षेत्र से कुछ दूरी पर स्थित यह गेस्ट हाउस चर्चा का विषय बना हुआ था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई। जिसके बाद अचानक गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई और यहां सेक्ट रैकेट के संचालित होने की बात सामने आई।

**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20

**सोना रु.** 114000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 130040
प्रति किलो



# उप्र में आउटसोर्स नौकरियों के ग्रेड बांटे

## चार श्रेणियों में किया विभाजित, आठ सेवाओं में मिलेगा 40000 मानदेय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सरकार ने सभी के लिए अलग-अलग वेतनमान रखे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के जरिए भर्ती को लेकर यूपी आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती अब निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हो सकेगी। सरकार ने आउटसोर्स की भर्तियों के लिए चार श्रेणियां बनाई हैं। जिनके लिए अलग-अलग वेतनमान निर्धारित किया गया है।

यूपी के सरकारी विभागों में आउटसोर्स कार्मिकों को श्रेणी एक, श्रेणी दो, श्रेणी तीन और श्रेणी चार में विभाजित किया गया है। इन कर्मचारियों ने न्यूनतम 20 हजार रुपये से 40 हज़ार रुपये तक का मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा आदि का लाभ दिया जाएगा। आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के बाद आउटसोर्स के कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगेगी। कर्मचारियों की भर्ती लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए होगी।

**ग्रेड तीन और चार का नहीं होगा इंटरव्यू:** हालांकि ग्रेड 3 और ग्रेड चार के लिए भर्ती सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर होगी, इसके लिए कोई इंटरव्यू नहीं होगा। पहली श्रेणी में डॉक्टर, इंजीनियर, लेक्चरर, प्रोजेक्ट आफिसर, एकाउंट आफिसर, असिस्टेंट आर्किटेक्ट और रिसर्च आफिसर जैसे पद है। इनके लिए शैक्षणिक योग्यताओं में डॉक्टर के लिए एमबीबीएस, असिस्टेंट इंजीनियर के लिए बी-टेक, लेक्चरर के लिए परास्नातक डिग्री निर्धारित की गई है। इनके लिए 40 हज़ार का वेतनमान तय किया गया है। श्रेणी दो में जूनियर इंजीनियर, स्टाफ नर्स समेत अन्य पदों को शामिल किया गया है। इसके लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। दो श्रेणी के कार्मिकों को 25 हजार रुपये वेतन दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी में ऑपरेटर, पैरामेडिकल, जूनियर असिस्टेंट, जूनियर स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट, टेलीफोन आपरेटर, स्टोर कीपर, फोटोग्राफर, डाटा एंट्री आपरेटर, लाइब्रेरियन जैसे पद हैं। इनके लिए अधिकतम वेतनमान 22 हजार होगा। चौथी श्रेणी में कक्षा आठ से 10वीं पास अभ्यार्थियों को शामिल किया गया है। इनमें ऑफिस सहायक, लिफ्ट आपरेटर, लैब अटेंडेंट, रिकॉर्ड असिस्टेंट, अर्दली, अनुसेवक, स्टोर सहायक, नाई, मोची, राजमिस्त्री, मेट, निर्माण सहायक, लोहार, बढ़ई, क्रेन आपरेटर, पेंटर, धोबी, नाविक, क्लीनर, कुली, चौकीदार, माली जैसे पद हैं। इन्हें 20 हज़ार तक वेतन मिलेगा।

### सोने-चांदी के दाम ने फिर पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में एक बार फिर तेजी आई है। सोना 890 रुपए महंगा हुआ है, वहीं चांदी 1880 रुपए महंगी हुई है। भारत में 24 कैरेट गोल्ड का रेट 114,000 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि बीते दिन यह 109,530 रुपए प्रति 10 ग्राम था। देश में चांदी भी 130,040 रुपए प्रति 1 किलो बिक रही है, जो बीते दिन 128,160 रुपए/किलो थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 890 रुपये बढ़कर 114,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बढ़ते वैश्विक तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों से सोने की कीमतों में तेजी आई। अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नही करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# उत्तर प्रदेश के 11 संस्थानों में मुफ्त होगी कीमोथेरेपी, मेरठ में भी सेंटर



**लखनऊ।** कैंसर से पीड़ित मरीजों की बढ़ोतरी होने से चिंतित उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे निपटने के लिए समाधान निकाला है। राज्य के 11 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में निशुल्क कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जा रहे हैं। इसमें स्क्रीनिंग के साथ ही 24 घंटे कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। एक लाख से पांच लाख तक की दवाएं (कीमो) भी निशुल्क मिलेंगी। पूर्वांचल में वाराणसी के साथ ही गोरखपुर में भी सेंटर बनेगा। आगरा, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ में भी सेंटर बनाया जा रहा है।

यूपी सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेजों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस सेंटर की खासियत यह है कि यहां ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर पीड़ितों की फ्री जांच की जाएगी, उनका इलाज भी किया जाएगा। एम्स बीएचयू को नोडल सेंटर भी बनाया गया है। इससे वाराणसी के आस-पास के जिलों को जोड़ा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि लखनऊ में 4 सेंटर खुलेंगे। 24 घंटे मरीजों को सेवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही है। बहुत सारी सुविधाएं और स्कीम सरकार के तहत चलाई जा रही हैं। मरीजों को इलाज मिल पा रहा है, लेकिन फिर भी कीमोथेरेपी सरकारी मेडिकल संस्थान में निशुल्क होना जरूरी है। जिनके पास कमाने के साधन नहीं हैं, उन मरीजों को इसकी बहुत जरूरत है। अभी तक मेडिकल संस्थान में कीमोथेरेपी के लिए कुछ शुल्क निर्धारित किए गए थे, लेकिन अब यह बिल्कुल फ्री होगा तो इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एच-1बी...**

और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है। अमेरिकी सरकार हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। इस साल के लिए आवे. दन पहले ही पूरे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल अमेजन को ही इस साल 10,000 से ज्यादा वीजा मिले हैं, जबकि माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों को 5,000 से अधिक वीजा स्वीकृत हुए हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिला। हालांकि इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना भी होती है। कई अमे. रिकी तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि कंपनियां एच-1बी वीजा का इस्तेमाल वेतन घटाने और अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनने के लिए करती हैं। एच-1बी वीजा के नियमों में बदलाव से 3,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे।

साल 2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गई। भारत की आईटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को एच-1बी पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71 फीसदी भारतीय एच-1बी वीजा धारक हैं और यह नई फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा। कंपनियां नौकरियां आउटसोर्स कर सकती हैं, जिससे अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के अवसर कम होंगे। नए नियम के अनुसार, एच-1बी वीजा के लिए +100,000 (लगभग 88 लाख रुपये) की फीस हर साल देनी होगी। यह फीस नए आवेदनों और मौजूदा वीजा धारकों के नवीनीकरण दोनों पर लागू होगी। यह फीस 21 सितम्बर 2025 से लागू होगी और 12 महीनों के लिए प्रभावी रहेगी, जब तक कि इसे बढ़ाया न जाए। कंपनियों को इस भुगतान का प्रमाण रखना होगा। यदि भुगतान नहीं किया गया, तो याचिका को अमेरिकी राज्य विभाग या होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) रद्द कर देगा। अगर कोई एच-1बी कर्मचारी 21 सितम्बर के बाद देश छोड़ता है, तो वापस अमेरिका आने के लिए उसकी कंपनी को 88 लाख का भुगतान करना होगा। यही कारण है कि इस फैसले के बाद माइक्रोसॉफ्ट, जेपी मार्गन और अमेजन जैसी कंपनियों ने एच-1बी वीजा होल्डर कर्मचारियों को अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। रायटर्स के मुताबिक बाहर रहने वाले कर्मचारियों को सलाह दी कि वे शनिवार रात से पहले वापस आ जाएं। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। कहा जाता है कि भारत अमे. रिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

# मुरादाबाद में बन रहे भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम होगा त्रिशूल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शनिवार को कहा कि यहां नवनिर्मित भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम 'त्रिशूल' होगा और संग्रहालय में सेना के प्रोटोकॉल के अनुसार उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नवनिर्मित रक्षा संग्रहालय को अब 'त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय' के नाम से जाना जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश अनुसार संग्रहालय का निर्माण पूरी सुरक्षा और नियमों के आधार पर किया जा रहा है। सेवा के प्रोटोकॉल के मुताबिक मिलने वाले यंत्रों को



स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए सेवा के अधिकारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि जो रक्षा संग्रहालय नगर निगम मुरादाबाद के द्वारा बनाया जा रहा है इसका औपचारिक नामकरण कर दिया गया है। अब इस संग्रहालय को त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। त्रिशूल भारतीय सेना की तीनों विंग्स को प्रदर्शित करता है। त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय को कुल 25 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है जिसमें प्रथम तल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों की यहां पर डेपुटेशन के रूप में एक महीने के लिए तैनाती भी कर दी गई है ताकि जो सेना के उपकरण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से मिले हैं उनको ठीक तरीके से सेना के प्रोटोकॉल अनुसार लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ और भारतीय सेना शीर्ष अधिकारियों द्वारा जो सामान मुहैया कराया गया है, उसके इंस्टॉलेशन का काम शुरू हो गया है। पटेल ने बताया कि 15 नवंबर के आसपास इसके उद्घाटन की योजना बनाई जा रही है। औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी की जा रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर फर्जी धमकी वाला ई-मेल आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक बार फिर दिल्ली के सौ से ज्यादा स्कूलों को शनिवार सुबह बम की धमकी मिली। जिसके बाद स्कूलों में हडकंप मच गया। दिल्ली पुलिस सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक स्कूल से दूसरे स्कूल जाकर बम को ही खंगालते रहे। सर्च ऑपरेशन के बाद एक बार फिर से सुरक्षा एजेंसियों ने सभी धमकी को फर्जी बताया। मामला दर्ज करके पु. लिस जांच कर रही है। बता दें कि पहले भी स्कूल व अन्य संस्थानों को बम होने की धमकी मिल चुकी है। स्पेशल सेल की साइबर सेल समेत अन्य एजेंसियां जांच में लगी हुई हैं। लेकिन अभी तक पुलिस को कोई पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह ६ बजकर १० मिनट पर स्कूलों को ईमेल 'टेरराइजर्स१११ समूह के नाम से आया था। इसी समूह से पहले भी स्कूलों को ईमेल आया था। जिसमें लिखा था। आपके भवन में बम रखे गए हैं,कदम उठाएं या आपदा का सामना करें।

मेल मिलने के बाद अधिकतर स्कूल प्रशासन ने पेरेंटस ग्रुप पर मामले की जानकारी देकर बच्चों को घर पर रखने की बात कही। दिल्ली पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्तों व दमकलकर्मियों की सहायता से स्कूल परिसर व क्लास की छानबीन की। घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद सभी कॉल को हॉक्स बताया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय, द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और नजफगढ़ स्थित माता विद्या देवी पब्लिक स्कूल समेत 10 स्कूलों के बारे में सूचना मिली थी। हालांकि, परिसर की गहन जांच के बाद धमकी फर्जी पाई गई। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर छात्रों व कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि धमकियां किसने दीं और यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या ये धमकियां दहशत फैलाने के किसी समन्वित प्रयास का हिस्सा हैं।

## स्वरूप नगर में आपसी विवाद में चाकू गोदकर हत्या, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर इलाके में बीती रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने वरदात के कुछ ही देर बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात ११ बजकर 40 मिनट पर स्वरूप नगर पुलिस को लोअर जीटीके रोड, स्वरूप नगर के आने वाले द्वार पर युवक की चाकू गोदकर हत्या करने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि किसी ने भाई के पेट में चाकू घोंप दिया है और उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान 26 साल के देवेन्द्र के रूप में हुई। वह परिवार के साथ गली नंबर ३, खड्डा कॉलोनी, स्वरूप नगर इलाके में रहता था। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला कि घटना लोअर जीटीके रोड, स्वरूप नगर स्थित एंट्री गेट पिकेट के पास हुई थी, जहां देवेंद्र और उसके चार जानकारों पवन, विकास, अविनाश और रोहित के बीच एक छोटी सी बात पर अचानक झगड़ा हो गया था। झगड़ा के बीच हाथापाई हुई। तभी देवेंद्र के पेट में चाकू से वार कर दिया। स्थानीय लोगों ने देवेन्द्र को खून से लथपथ हालत में देखकर अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। एसीपी विजय कुमार वत्स की देखरेख में एसएचओ आलोक कुमार रंजन के निर्देशन में पुलिस टीम आरो. पियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। जिसके बाद रोहित, अविनाश और पवन को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

# बुध विहार इलाके में मुठभेड़, दो बदमाशों के पैरों में गोली मारी, साथी को भी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुध विहार पुलिस ने बीती रात गैंगस्टर लल्लू और गोगी गैंग के दो गुर्गो के पैर में गोली मारकर काबू किया,जबकि एक को कुछ हरकत करने से पहले ही दबोच लिया। जिन्होंने पुलिस पर करीब आधा दर्जन गोलियां चलाई थी। पुलिसकर्मी बदमाशों की फायरिंग में बाल बाल बचे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात बुध विहार पुलिस गौरक्षक दल से जुड़े एक प्रमुख व्यक्ति के आवास पर संभावित गोल. ीबारी की सूचना के आधार पर गश्त पर थी। उक्त व्यक्ति ने पहले लल्लू और उसके साथियों द्वारा तीन लोगों की पिटाई/मॉब लिंचिंग की घटना के संबंध में एक महासभा बुलाने का आह्वान किया था। लल्लू ने गोगी गैंग के साथ अपने जुड़ाव और प्रभाव को दर्शाने के लिए इस हमले का वीडियो इंस्टाग्राम पर भी चेतावनी दी थी।

इस बीच रात पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि लल्लू अपने साथियों के साथ एक सफेद स्विफ्ट कार में अवंतिका, रोहिणी के पास उसी व्यक्ति के कार्यालय पर फायरिंग करने आएगा। वह गैंग पर अपना दबदबा बनाने के लिए सेक्टर-२४, रोहिणी से होकर गुजरेगा। रात दो बजकर ४० मिनट पर रोहिणी सेक्टर-२४ स्थित बांके बिहारी मंदिर के पास, पुलिस टीम ने सफेद स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया। आरोपियों ने भागने की कोशिश में पुलिस गाड़ी में जबर्दस्त टक्कर मारकर पैदल भागने की को. शिश की। पुलिस की चेतावनी के बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर छह से सात राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोली चलाते हुए दो बदमाशों के पैरों में गोली मारकर काबू किया जबकि एक को मौके पर ही दबोच लिया। वहीं दोरिठाला के गंदा नाला के पास दीवार फांदकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान इरफान और लल्लू के रूप में हुई। जबकि एक अन्य की पहचान नितेश के रूप में हुई। लल्लू गोगी गैंग से जुड़ा जुड़ा हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने किया गोबर आधारित बायो गैस संयंत्र का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज २०० मीट्रिक टन प्रतिदिन गोबर पर आधारित बायोगैस संयंत्र का नंगली डेयरी, नजफगढ़ में लोकार्पण किया। यह उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा पखवाड़े' के तहत किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम के नेता सदन श्री प्रवेश वाही, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष श्री सुंदर तंवर, विधायक श्री संदीप सहरावत, नजफगढ़ क्षेत्र की अध्यक्ष सविता शर्मा, डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, सीईआईडी के सीईओ श्री प्रिंस गांधी, बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, स्थानीय नागरिक और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ष्देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में आज नंगली बायोगैस संयंत्र का लोकार्पण किया जा रहा है जो देश का ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि "नंगली सकरावती स्थित बायोगैस संयंत्र द्वारा कंप्रेस्ड नेचुरल गैस एवं खाद का उत्पादन होगा व साथ ही आसपास की डेयरियों का गोबर व अपशिष्ट जो वर्तमान में नालियों में बहकर यमुना में जाता है, उस प्रदूषण पर भी रोक लगेगी। यह संयंत्र २०० मीट्रिक टन प्रतिदिन मवेशियों के गोबर अपशिष्ट का निपटान करता है। रेखा गुप्ता ने कहा कि ष्इस नंगली बायोगैस प्लांट से न केवल क्षेत्र में सफाई रहेगी बल्कि आसपास स्थित गांववालों को उनके मवेशियों को गोधन (गोबर अपशिष्ट) के पैसे भी मिलेंगे।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता देश के पहले 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन गोबर आधारित बायो गैस संयंत्र के अवसर पर साथ में हैं महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह।**

## एक नजर

### कंतारा: चैप्टर 1 का ट्रेलर लॉन्च होगा ग्रैंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 को लेकर जबरदस्त उत्सुकता उसकी पहली फिल्म कंतारा (2022) की शानदार सफलता बताई जा रही है। मेकर्स ने जानबूझकर इस प्रीक्वल की जानकारी को गुप्त रखा है, जिस वजह से फिल्म के चारों ओर एक रहस्यमयी माहौल बना हुआ है। यही वजह है कि इसका ट्रेलर इस साल का सबसे ज्यादा इंतजार किया जाने वाला इवेंट बन गया है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में साल की सबसे बड़ी घोषणा की है कि इस मच अवेटेड फिल्म का ट्रेलर 22 सितंबर को दोपहर 12:45 बजे रिलीज किया जाएगा। ऐसे में, अब एक और रोमांचक अपडेट यह सामने आई है कि साल के सबसे बड़े ट्रेलर को देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स द्वारा लॉन्च किया जाएगा। कंतारा: चैप्टर 1 का ट्रेलर लॉन्च अपने आप में एक बड़ा इवेंट होने वाला है। ट्रेलर 22 सितंबरको दोपहर 12:45 बजे रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसे देश के कुछ सबसे बड़े सुपरस्टार्स जैसे ऋतिक रोशन, प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और सिवकार्तिकेयन लॉन्च करेंगे।

### बहु-आयामी सॉवरेन एआई फ्लैगशिप पहल को अनुदान

**नई दिल्ली।** भारतजेन, देश की पहली सरकार समर्थित बहु-आयामी सॉवरेन एआई फ्लैगशिप पहल, को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से 988.6 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ है। यह घोषणा माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा नई दिल्ली स्थित होटल द अशोक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई। यह आवंटन भारतजेन को इंडिया एआई मिशन 2025 का सबसे बड़ा लाभार्थी बनाता है, जो भारत की सॉवरेन एआई इकोसिस्टम के निर्माण में इसकी केंद्रीय भूमिका को दर्शाता है।यह फंडिंग भारतजेन को शक्तिशाली एआई मॉडल विकसित करने में मदद करेगी, जिनमें एक ट्रिलियन पैरामीटर्स तक के बड़े भाषा एवं बहु-आयामी मॉडल शामिल होंगे। साथ ही, विशिष्ट उपयोगों के लिए छोटे मॉडल भी विकसित किए जाएंगे। यह निवेश भारत-केंद्रित तकनीकों जैसे टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच रिकग्निशन और विजन-लैंग्वेज टूल्स के विकास को भी बढ़ावा देगा। इन मॉडलों का उपयोग कृषि, शासन, वित्त, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वास्तविक अनुप्रयोगों के लिए किया जाएगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारतजेन अत्याधुनिक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर्स पर मॉडल्स को प्रशिक्षित करेगा और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए भी संसाधन उपलब्ध कराएगा।

### फ्रेशर पार्टी 'ट्रांसडक्शन 2025' का आयोजन



**नई दिल्ली।** खिलखिलाते चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामना के साथ 20 सितम्बर को होटल ताजविवांता,द्वारका में फ्रेशर पार्टी "ट्रांसडक्शन 2025" का हुआ आयोजनख्र फ्रेशर पार्टी का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के नए छात्रों का स्वागत और रचनात्मक आवेग को प्रोत्साहित करके उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में शंकर साहनी, प्रसिद्ध गायक एवं अन्य अतिथियों, अध्यक्ष डॉ. आर के टंडन, टिप्स, डॉ. रीमा टंडन, उपाध्यक्ष टिप्स, श्रेया टंडन,मेम्बर ऑफ बोर्ड, सौम्या टंडन,मेम्बर ऑफ बोर्ड,श्रेयस टंडन डॉ. आशुतोष अग्रवाल, निदेशक टिप्स,डॉ. शशिबाला प्रिंसिपल लॉ, टिप्स, द्वारका एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष की उपस्थितिमें सरस्वती वंदना औरदीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू हुआ। अध्यक्ष डॉ.आर.के. टंडन के द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के नए छात्रों को मोटीवेट करते हुए,कहा की किस तरह आप लोग। इन तीन सालों में साधारण तरीके से काम ना करके असाधारण तरीके से काम करना है और पढना है। उन्होंने सभी छात्रों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कॉलेज जीवन में उनका स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया।

### यूईआर-2 टोल टैक्स के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लागू किए गए सबसे महंगे टोल टैक्स को लेकर अब सियासी के साथ-साथ कानूनी जंग भी शुरू हो गई है। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने यूईआर-2 मुंडका टोल प्लाजा के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। अक्षय लाकड़ा का कहना है कि दिल्ली और एनसीआर के लाखों निवासियों को प्रतिदिन इस टोल से गुजरना पड़ता है, लेकिन उनसे मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह टोल टैक्स न सिर्फ दिल्ली देहात के लोगों के साथ अन्याय है, बल्कि केंद्र और दिल्ली सरकार की नीतियों की विफलता का भी उदाहरण है।

## दिल्ली-राजस्थान-उत्तर प्रदेश में फैले अंतर्राज्जीय ड्रग्स सिंडिकेट के चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की ५३१ ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने नंद नगरी से सुरेंद्र पांडे को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से ३०१ ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पूछताछ करने पर फरीदपुर यूपी के रहने वाले नईम के बारे में पता चला। जयपुर राजस्थान में छापेमारी करके नईम को गिरफ्तार करके ड्रग्स बरामद की।

# गुरु तेग बहादुर शहादत की वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशन में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को सम्मानपूर्वक मनाते हुए तमाम कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी में श्रद्धेय सिख गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और बलिदान के बारे में जागरूकता फैलाना है।आज इसी क्रम में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग और पंजाबी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में 'सरब धरम सम्मेलन' का आयोजन आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर, पूसा कैंपस, में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के संत-आचार्यों ने मंच साझा किया और गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए मानवता, एकता और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही दिल्ली सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी और उनके साथियों भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी के बलिदान के साढ़े तीन सौ साल पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्णय लिया है कि दिल्ली सरकार इसको एक अविस्मरणीय आयोजन के रूप में स्थापित करेगी।आज से इन कार्यक्रमों की शुरुआत हो रही है और दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ मिलकर 'सरब धरम सम्मेलन' का आयोजन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले तीन-चार महीने तक लगातार गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री और सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल सिख इतिहास का ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का प्रेरणास्रोत है।

# मिशन क्रिटिकल के लॉन्च के लिए मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मिशन आईसीयू, एक स्वयंसेवा आधारित गैर-लाभ पहल, जो अस्पतालों को क्रिटिकल केयर उपकरण (फंडिंग एवं तैनाती) उपलब्ध कराकर ग्रामीण भारत में हेल्थकेयर सुविधाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है, ने सार्वजनिक चौरिटेबल संगठन कंपेशनेट पेशेंट रिस्पॉन्स, इंक.(सीपीआर) के साथ साझेदारी की है। गौरतलब है कि सीप. ीआर की स्थापना जरूरतमंद समुदायों को क्रिटिकल केयर उपलब्ध कराने के लिए महामारी के दौरान की गई थी। इस पहल पर बात करते हुए डॉ अश्विन नायक, सह-संस्थापक, मिशन आईसीयू ने कहा, "हाल ही में कोविड महामारी से मिले सबक हमें याद दिलाते हैं कि जिंदगियां बचाने तथा आर्थिक एवं सामाजिक स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए तैयारी बहुत जरूरी है। बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, और स्वास्थ्य के उभरते खतरों को देखते हुए भारत को तैयार करना समय की जरूरत बन चुकी है। इस पहल के माध्यम से हम विभिन्न सेक्टरों में आपसी सहयोग के द्वारा ऐसा हेल्थकेयर सिस्टम बनाना चाहते हैं, जो समावेशी, सुलभ और भविष्य के लिए तैयार हो। इस साझेदारी पर बात करते हुए डॉ सत्या गरीमेला, सह-संस्थापक, सीपीआर ने कहा, "हम अपने संयुक्त प्रयासों के माध्यम से सीएसआर पहलों, स्टार्ट-अप इनोवेशन्स और मेडटेक की प्रगति के साथ ऐसी दीर्घकालिक योजनाओं को बढ़ावा देना चाहते हैं।



**दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ मिलकर 'सरब धरम सम्मेलन' का आयोजन किया गया, इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री और सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा आदि मौजूद थे।**

# रामाकृष्ण मिशन पहाड़गंज से निकली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज अग्रवाल महासभा द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य शोभा यात्रा रामाकृष्ण मिशन पहाड़गंज से निकाली गई। यह शोभा यात्रा पिछले करीब ३६ वर्षों से पहाड़गंज के अग्रवाल समाज द्वारा निकाली जाती है।



यात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामकृष्ण मिशन से प्रारंभ होकर, पंचकुइया रोड, नेहरू बाजार, मेन बाजार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, डी बी गुप्ता रोड, से होते हुए चूना मंडी इंपी. रियल चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ साथ दिल्ली की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के व्यक्ति भी शामिल हुए। सम्मिलित सदस्यों में करोल बाग श्रेत्र से विधायक विशेष रवि, पहाड़गंज के निगम पार्षद मनीष चड्ढा, बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल के महामंत्री सुमन गुप्ता, अमित गुप्ता, वैश्य सगठन सभा से अशोक गोयल, रघुवंश सिंहल, अनिल गुप्ता, पुनीत गोयल समेत अन्य पदाधिकारी, जगजीवन शर्मा, अनिल जैन, स्वदेश चड्ढा, इंदर तोमर, ममता मेहरा, विजय मेहरा, मीडिया सलाहकार भूपेश गुप्ता आदि अनेक महानुभाव उपस्थित रहे। इस शोभा यात्रा को भव्य रूप से निक. ालने में पहाड़गंज अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राधा किशन बंसल, महामंत्री अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष एवं संयोजक नितिन कुमार गुप्ता, अमित गोयल, रामन सिंहल एवं समस्त कार्यकारिणी ने पूर्ण सहयोग दिया। शोभा यात्रा को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी महाराजा अग्रसेन मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने बहुत अच्छे से निभाई। जिस जिस मार्ग से शोभा यात्रा निकल रही थी वहां पूरे रास्ते में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे थे।

# मिस एशियाटिक प्रीमियर ब्यूटी पेजेंट आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्जरी हयात सेंट्रिक होटल, जनकपुरी में आयोजित मिस एशियाटिक प्रीमियर ब्यूटी पेजेंट - सीजन 2 ने ग्लैमर, प्रतिभा और अंतरराष्ट्रीय मान्यता का शानदार संगम आयोजित किया। सीजन १ की अद्भुत सफलता के बाद, इस मंच ने एक बार फिर भारत की श्रेष्ठ प्रतिभाओं को एक साथ लाया। विजेता को मिस ग्लोबल इंटरनेशनल 2025, केमैन आइलैंड्स में भारत का प्रति. निधित्व करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।



कार्यक्रम का संचालन मिस एशियाटिक के संस्थापक अशोक गुलाबानी के दूरदर्शी नेतृत्व में हुआ। अपनी गरिमा और आत्मीयता के लिए प्रसिद्ध गुलाबानी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जूरी को मंच पर सम्मानित किया, पार्टनर्स और टीम को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने ही विजेता की घोषणा की और सभी 15 उपविज. ेताओं को खिताब प्रदान कर समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। पूरे आयोजन की बारीकी से योजना और उत्कृष्ट क्रियान्वयन अशोक गुलाबा. नी के नेतृत्व में हुआ। जूरी पैनल में सीजन २ की शोभा बढ़ाने पहुंचे रोनी कुआला ख्र प्रसिद्ध फैशन फोटोग्राफर (सीजन 1 के जूरी भी रहे), रोहित चौधरी ख्र अभिनेता व उद्यमी ,दिपांकर कश्यप ख्र फिल्ममेकर, स्टाइलिस्ट और फैशन शो डायरेक्टर ,लेफ्टिनेंट डॉ. रीता गांगवानी ख्र पर्सनैलिटी व परफॉर्मेंस कोच ,अनु कश्यप ख्र सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट ,मनीषा सिंह मिस फिटनेस इंडिया 2015 एवं एमटीवी रोडीज 2019 आदि। इस मौके पर हर्षिता यादव (20 वर्ष, फरीदाबाद, लंबाई 5'5") ख्र जिन्हें प्रीतिका पाहवा (सीजन 1 विजेता और मिस ग्लोबल इंटरनेशनल 2024, मिस पर्सनैलिटी टाइटल विजेता) ने ताज पहनाया। प्रथम उपविजेता: सुश्री जूलिया इमैनुएल (21 वर्ष, कोलक. ाता, लंबाई 5'3"), द्वितीय उपविजेता प्रेर्णा सिंह (22 वर्ष, बेंगलुरु, लंबाई 5'7") रहीं। दोनों उपविजेताओं को राधिका सिंघल (सीजन 1, द्वितीय उपविजेता) ने ताज पहनाया।

# लीन मैनुफैक्चरिंग युनिट का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेसीजन इंजीनियरिंग में लीडर आजाद इंजीनियरिंग ने अपनी लीन मैनुफैक्चरिंग युनिट के उद्घाटन के साथ एक और उपलब्धि हासिल की है। इस युनिट को हैदराबाद के तुनिकिबोलारम स्थित आजाद सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स एंड इनोवेशन सेंटर में सीमेन्स एनर्जी की क्षमता प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

7200 वर्गमीटर में फैली इस आधुनिक युनिट का उद्घाटन सीमेन्स एनर्जी के वरिष्ठ लीडरशिप ने किया। इनमें शामिल थे एंड्रिएस शिमट, वीपी प्रोक्योरमेन्ट एसई जीएस सेंट्रल टिम क्लेनहेयर, हैड ऑफ कोमोडिटी मैनेजमेन्ट जीएससी मुदित जैन, कंट्री बिजनेस सेगमेन्ट मैनेजर, एसई टीआई एसटीजी, मार्टिन पोकोरनी, हैड ऑफ प्रोक्योरमेन्ट एसई टीआई एसटीजी पी रुनो साशा हास, ग्लोबल कोमोडिटी मैनेजर मापा जीएससी; मारेक नोवोटनी, कोमोडिटी मैनेजर टीआई एसटीजी, अमोल त्यागी, हैड ऑफ प्रोक्योरमेन्ट एसई टीआई एसटीजी, वड़ोदरा, भयसिंह राउत, रीजनल कोमोडिटी मैनेजर जीएस सी, उत्तम शिंदे, रीजनल सप्लायर क्वालिटी इंजी. नियर तथा पीवीएस राजु और राकेश चोपदार, चेयरमैन एवं सीईओ, आजाद इंजीनियरिंग। यह लीन मैनुफैक्चरिंग युनिट आजाद इंजीनियरिंग के लिए बड़ी उपलब्धि है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

आईजीआरएस व शासन स्तर से होने वाले पत्राचार के निस्तारण को लेकर

# समीक्षा बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष की सख्ती

## हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई

**■ समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि सभी शिकायतों में स्थल का निरीक्षण जरूर किया जाए साथ ही जीपीएस फोटो संलग्न किया जाए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार को प्राधिकरण कार्यालय में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण को लेकर सभी जोनल अधिकारियों एवं उनकी टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष महोदय ने दोहराया कि हर रोज कम से कम 5 आईजीआरएस प्रकरणों की रेंडम चेकिंग की जाये और मौके की फोटो अपलोड की जाये। उन्होंने ने भी साफ किया कि यदि किसी के द्वारा गलत जवाब दिया जाता है तो संबंधित का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहाँ कि चूकि मुख्यमंत्री स्वयं पोर्टल की समीक्षा करते है ऐसे में किसी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जायगी ।

समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि सभी शिकायतों मे स्थल का निरीक्षण जरूर किया जाए साथ ही GPS फोटो संलग्न किया जाए। भविष्य मे प्रकरण की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष महोदय ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही व वेतन बाधित करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, हेल्पलाइन से भी प्राप्त शिकायत का संतोषजनक समाधान न करने पर भी उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई और भविष्य मे सचेत रहने की हिदायत दी।

वत्स ने ओएसडी राजीव रतन सिंह को प्रशासनिक कार्यों को और अधिक गंभीरता एवं सावधानी से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिशासी अभियंताओं को नियमित बैठक करने और आईजीआरएस प्रकरणों के उत्तर की गुणवत्ता की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन एवं डीएम कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुरूप ही निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मुद्दों में किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जीडीए जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उपाध्यक्ष महोदय ने दोहराया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में अर्ली इयरर्स का सांस्कृतिकोत्सव सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में अर्ली इयरर्स का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 303 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर भावपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यकम का मुख्य आकर्षण उसका विषय 'अतुल्य भारत' था। यह समारोह दो पारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वैभव जोशी एवं डॉ. अमिता गोविल रहे। इस अवसर पर विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हेड सुजैन होम्स ने समस्त गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ये नन्हें छात्र हमारा भविष्य हैं इसलिए इनमें बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के समारोह छात्रों में आत्मविश्वास व सहयोग की भावना का विकास करते है। अर्ली इयरर्स की प्रधानाचार्या पारुल सिंघवानी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन नन्हे-नन्हे छात्रों की प्रत्येक गतिविधियों व उनके भावपूर्ण अभिनय के पीछे उनका अथक प्रयास है, साथ ही मैं उनके माता-पिता व शिक्षिकाओं को भी इसका श्रेय देना चाहूँगी। समारोह का प्रारंभ कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करके किया जिसमें उन्होंने सन् 24-25 की शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। 'अतुल्य भारत' शीर्षक कार्यकम में छात्रों ने भारतीय राज्यों की संस्कृति को विभिन्न शैलियों से जीवंत किया। जैसे राजस्थानी धुन, गुजरात का गरबा, पंजाब का भांगड़ा और गिद्दा। अपने नृत्यों, पारंपरिक परिधानों और अद्‌भुत ऊर्जा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी का दिल जीत लिया।

# राष्ट्रीय लोकदल पार्टी निकालेगी एकता यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी उपस्थित रहे। त्रिलोक त्यागी ने कहां की 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक एकता यात्रा व सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एकता यात्रा का उद्देश्य सभी जाति धर्म वर्ग के लोगों को एकजुट करने का प्रयास रहेगा वह पार्टी की नीतियों द्वारा महिला,युवा, वह खेल प्रकोष्ठ जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश में आठ रेलियों को संबोधित करेंगे व कार्यकर्ताओं के अधिक से अधिक जनता के बीच में रहेंगे। वार्ता में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू, खेल प्रकोष्ठ के विजय कौशिक व तुषार कौशिक सहित सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. केएन मोदी संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान, मोदीनगर ने एमएमजी जिला अस्पताल के सहयोग से अपना 83वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस शिविर का उद्‌घाटन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. डी के मोदी ने किया, शिविर में फाउंडेशन के 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और रक्तदान के बाद उन्हें रिफ्रेशमेंट प्रदान किया गया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डी के मोदी ने अपने संबोधन के जरिए सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपातकाल की स्थिति में रक्त की कमी से जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे मरीज को हमारे द्वारा दान किए गए रक्त देकर उसके जीवन को बचाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान आवश्यक करना चाहिए। एमएमडी जिला अस्पताल के रक्त प्रभारी डॉ. अंशुल चौधरी ने संस्थान की रक्तदान शिविर आयोजित करने की निरंतर प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों और समन्वयकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

उल्लेखनीय है कि डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान इस तरह की पहलों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखता है। संस्थान रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के महान उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास करता है।

इस समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें फाउंडेशन के रजिस्ट्रार, यू एन मिश्रा, डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी एन रिशिकेश, श्रीमती रीता बख्शी, डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. दीपांकर शर्मा, डॉ. के एन मोदी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. शिशिर रस्तोगी,डॉ के एन मोदी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सतीश अग्रवाल,डॉ. के एन मोदी ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल; डॉ. पूजा शर्मा, प्रेरणा वर्मा, सपना खुराना आदि शामिल थे।

# हनुमान जी को बचपन से थी ज्ञान की भूख: अरविंद जी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मोदीनगर। श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में हनुमान जी की बाल लीलाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हनुमान जी की बचपन से ही ज्ञान की भूख थी इसलिए उन्होंने सूरज रूपी फल को अपने मुख में ले लिया था अर्थात सूर्य ज्ञान के देवता और ज्ञान जितना हो कंठस्थ हो जाना चाहिए। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि श्री हनुमान जी की दृष्टि सदैव सद्‌गुणों, और सज्जनों पर रहती है यही कारण है कि रावण की नगरी में हनुमान जी भगवान के भक्त का घर और भक्त दोनों को ढूंढ लेते हैं।

लंका में विभीषण को उपदेश देते हुए हनुमान जी ने कहा था जीवन को सुखद बनाने साधन भक्ति है और भक्ति भगवान की शरणागती से प्राप्त होती है और शरणागती में आये व्यक्ति को भगवान अभय करते है। इसलिए तुम भगवान की शरण में जाओ। हनुमान चालीसा पर बोलते हुए उन्होनें कहा यह ऐसा ग्रन्थ है जो हमे भगवान तक पहुचने का मन्त्र व् पंथ बताता है द्य हनुमान चालीसा में हमें भक्त भक्त भगवत और गुरु के दर्शन होते हैं।

जीवन में गुरु का होना आवश्यक है अगर कोई हमारा गुरु नही हो तो हनुमान जी को अपना गुरु बना लें। गुरु की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि जो भगवान से परमात्मा से जोड़े वही गरु हो सकता है जो वेदों और सनातन परम्परा से तोडकर अपने से जोड़े वो गरु नही हो सकता द्य गुरु अपने शिष्य को सुधारने का कार्य करता है इसलिए हनुमान जी ने भी लंका में रावण को गुरु की भांति बार-बार समझाने का रन किया परंतु विनाश काले विपरीत बुद्धि हनुमान जी के समझाने के बाद भी रावण की समझ में नहीं आया उसका परिणाम रावण को अपने कुल के साथ अपने प्राण त्याग कर देना पड़ा।

आगे उन्होंने कहा ज्ञान जब भक्ति की अग्नि पर तपता है तभी वैराग्य उत्पन होता है अन्यथा ज्ञानी परुष अर्जुन की तरह प्रश्न करता रहता है भक्ति का एक नाम सेवा भी है द्य इसलिए जो लोग सेवा के काम करते हैं उनका गुणगान कोई गए या ना गए परंतु भगवान उनका गुणगान स्वयं गाते हैं

आज कथा में व्यास पूजन श्री रूप चंद शर्मा ने किया व चेयरमैन विनोद वैशाली, मयंक हिंदू नोएडा, ओमकार तोमर, रोहित तोमर, मनोज शर्मा फरीदनगर, महंत जीवनऋषि गाजियाबाद, चंद्रशेखर शास्त्री, चौन पाल सिंह (जिला अध्यक्ष भाजपा), पवन सिंघल, अमित कराटे, ललित मित्तल, निशांत गौड, नरेंद्र शर्मा, बलराज गुज्जर, अमित गोयल, डॉ अनूप दिक्षित, आकाश शर्मा, आशीष कश्यप,निर्दोष खटाना, मुकेश चौधरी, कपिल (सभासद) राकेश कर्दम ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 27वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर अपने प्रमुख प्रोग्राम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के 27वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन संस्थान के प्रतिष्ठित चाणक्य ऑडिटोरियम में भव्य रूप से करने जा रहा है।

यह समारोह संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रबंधन शिक्षा में योगदान और भावी प्रबंधकों की उपलब्धियों का उत्सव होगा। समारोह का शुभारम्भ प्रो. (डॉ.) बीएस सहाय, निदेशक, आईआईएम जम्मू, विशिष्ट अतिथि डॉ. हुजैफा खोराकीवाला, कार्यकारी निदेशक एवं प्रवर्तक, वॉकहार्ट लिमिटेड, विशिष्ट अतिथि कौशलेश माहेश्वरी, अध्यक्ष (एस एंड एम) मंगलम सीमेंट लिमिटेड, आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार एवं पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा।

संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार स्वागत संबोधन प्रस्तुत करेंगे एवं वर्षभर की शैक्षणिक और संस्थागत उपलब्धियों पर रिपोर्ट साझा करेंगे। इसके उपरांत पारम्परिक शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें सभी उत्तीर्ण स्नातक अपने प्रबंधन दायित्वों और नैतिक मूल्यों का संकल्प लेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. हुजैफा खोराकीवाला एवं श्री कौशलेश माहेश्वरी प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) बी. एस. सहाय दीक्षांत भाषण देंगे। कार्यक्रम के दौरान पीजीडीएम (2023-25) बैच के रैंक होल्डर्स को सम्मानित किया जाएगा तथा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन 22 सितम्बर को मनाएगा महाराजा अग्रसेन जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** कादराबाद में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर की प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी गई कि आगामी 22 सितंबर सोमवार को संस्था द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजन व आने वाले अतिथियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक वैश्य समाज के लोगो से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कदराबाद तहसील के सामने स्थित। XN रिसोर्ट में सोमवार शाम 7 बजे से आयोजित किया जायेगा। संगठन के चेयरमैन अमित गोयल ने सभी पत्रकारों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संरक्षक - राकेश गोयल एवं डॉ अनिल गर्ग, महामंत्री अमितेज जैन, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष चेतन माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# गोशाला में गायों को चारा खिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यों ने आज अपने गौ माता सेवा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत निकट चोमू पैलेस, जयपुर स्थित गौशाला में गायों को चारा, गुड़ इत्यादि खिलाया। उन्होंने गायों की निरंतर सेवा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए दिल से दान दिया। क्लब के इस प्रोजेक्ट द्वारा गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिए समर्पित होने की एक पहल है। यह प्रोजेक्ट गायों को आश्रय, भोजन और चिकित्सा देखभाल इत्यादि प्रदान करता है, जिससे उनके कल्याण और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अनगिनत गायों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और उन्हें सुरक्षित एवं पोषणयुक्त वातावरण मिलता है। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने अपने ष्क्लब टूरष में इस प्रोजेक्ट को शामिल किया। यह ष्क्लब टूरष, चोमू पैलेस, जयपुर में आयोजित किया गया। जिसके अन्तगर्त सभी सदस्यों ने 'श्री खाटू श्यामजी' के विशेष दर्शन किये। राजस्थानी संगीत व लोक नृत्य 'कालबेलिया', राजस्थानी फूड्स, विभिन्न गेम्स इत्यादि इस टूर के मुख्य आकर्षण रहे। यह क्लब टूर हमारी सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिकता और भाईचारे की अविस्मृत यादों का संग्रह है। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन में क्लब के सदस्यों डा० सुभाष जैन, बबीता जैन, योगेश कुमार गोयल, आशु गोयल, रमा गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रवीन गोयल, भारती गर्ग एवं आशीष गर्ग का विशेष सहयोग रहा। क्लब प्रैसीडेन्ट भारती गर्ग ने सभी सदस्यों को इस टूर को सफल एवं यादगार बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# मोदीनगर कांग्रेस कमेटी ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगरके तत्वाधान में एक प्रतिनिधि मंडल तिबड़ा रोड फाटक पर लगने वाले जाम के विषय में तहसील दिवस के मौके पर उपस्थित एसडीएम व अन्य अधिकारियों से मिला जिसमें तिबड़ा रोड फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने की मांग तत्काल प्रभाव से रेलवे पुलिस ,नागरिक पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की जाम खुलवाने के लिए नियुक्ति करने के विषय में एक ज्ञापन एसडीएम को सोपा

तिबडा रोड फाटक पर जाम के कारण लाइन पार और गांव के निकलने वाले यात्रियों को भारी परेशानी है यदि तीन दिन के अंदर इस समय का इस समस्या का समाधान नहीं खोजा गया तो कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन चलाने को मजबूर होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा मोदीनगर ब्लॉक के अध्यक्ष चांद वीर चौधरी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कल्पना सिंह अल्पसंख्या के कांग्रेस के मोदीनगर अध्यक्ष शहरकांग्रेस कमेटी के सचिव विशाल कौशिक शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम शर्मा और वार्ड अध्यक्ष वेद प्रकाश कोरी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# दिवाकर मॉडल स्कूल में आयोजित किया गया हेल्थ कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल में स्वास्थ्य प्रशिक्षण योजना श्रृंखला के तहत हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के साथ-साथ सभी नगरवासियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए तौर-तरीके सुझाए गए। स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया गया और छात्रों को इससे संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सकारात्मक विचारों और योग के महत्व पर चर्चा की गई और मुफ्त रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र व दंत परिक्षण आदि स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गईं।

# स्वच्छता पखवाड़े पर मोदीनगर नगर पालिका ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़े के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मोदीनगर में अध्यक्ष महोदय विनोद वैशाली की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में नगर पालिका परिषद मोदीनगर के सभागार में आज दिनांक 20.09.2025 को ब्राण्ड एम्बेसडर शोभा चौधरी एवं अनुप्रीत कौर, सभी सभासद गण एवं डॉ अरुण त्यागी (प्रधानाचार्य) आदि के साथ स्वच्छता पखवाड़े के सफल क्रियान्वयन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़े के विभिन्न बिंदुओं जैसे विशेष साफ सफाई, पॉलिथीन मुक्त बाजार, जनजागरूकता, डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण एवं पृथक्करण एवं आगामी त्यौहारों नवरात्रि एवं दशहरे से संबंधित व्यवस्थाओ के विषय मे विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में इसी के साथ साथ आज मुख्यमंत्री द्वारा लाइव प्रसारण कर महिला सशक्तिकरण से संबंधित मिशन शक्ति 5.0 के कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु दिए गये। दिशा-निर्देशों को स्क्रीन के माध्यम से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष विनोद वैशाली, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अमरीश कुमार व दिनेश कुमार, ब्रांड एम्बेसडर शोभा चौधरी एवं श्रीमती अनुप्रीत कौर, वार्ड सभासद वेदप्रकाश, मोनू धामा, बलराज, सुबेसिंह, ललित त्यागी, प्रदीप, सोनू आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड-26 की जनता कूड़े के ढेर व गंदगी से है परेशान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गंदगी के ढेर से वार्ड 26 की जनता परेशान हैं सफाई न होने के कारण जनता ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। आपको बता दें कि बार बार सूचित करने के बाद भी सिद्ध पीठ चामुंडा माता मंदिर के पीछे ग्राउंड पर गंदगी को साफ नही किया गया जिस कारण मच्छर मलेरिया डेंगू इतनी बड़ी घातक बीमारी पूरा वार्ड जूझ रहा है। जनता ने महापौर सुनीता दयाल से किया कि मंदिर के आसपास की गंदगी को साफ सफाई की और भी ध्यान दे वरना क्षेत्र की जनता धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी। इस मौके पर डॉ ब्रजमोहन सिंह (गोल्डी)

वरिष्ठ समाजसेवी बीजेपी श्री सिद्ध पीठ माता मंदिर के आचार्य संजय शुक्ला डॉ सनी बक्शी सुरेंद्र चौधरी चरण सिंह ठाकुर यादराम, जितेंद्र जीतू गुर्जर, डॉ मोवीन, चंदन अरोड़ा, आकाश गुर्जर, नवीन चंदेल, अमित कोहली राजीव मल्होत्रा, उमेश भगत, लेखराज लेखा (लवली) देश दीपक शर्मा, आदेश पाल, बलवंत सिंह, नरेश ठाकुर, योगेश ठाकुर, डॉ विकास ठाकुर, शिवम ठाकुर, लाल मोर ठाकुर, बसंत ठाकुर, लकी ठाकुर, महेश कुमार, विजेंद्र बघेल, जगदीश ठाकुर, लक्ष्मण सिंह बलजीत सिंह, रामचंद्र पाल, शंकर लाल पाठक, गोपाल पाठक, मूलै फल वाले भूरा फल वाले आदि उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध - विच्छेद**

हम इकबाल पुत्र अलीमुददीन व मोवीना पत्नी इकबाल निवासी- लक्ष्मण गार्डन अब्दुल वकब मस्जिद पसोंडा थाना- टीला- मोड़ जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र सलमान व पुत्रवधु रहनुमा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# एमएलए ऑन व्हील्स– रेखा सरकार आपके द्वार मोबाइल कार्यालय का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'सेवा पखवाड़ा' के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के ओल्ड पंखा रोड स्थित विधायक कार्यालय से 'एमएलए ऑन व्हील्स– रेखा सरकार आपके द्वार' मोबाइल कार्यालय का शुभारंभ किया। इस विशेष पहल का उद्देश्य प्रशासन को जनता के और समीप लाना है, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार–बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। अब लोगों की शिकायतों, आवश्यक सेवाओं और जनहित से जुड़े कार्यों का निवारण सीधे उनके क्षेत्र में ही किया जाएगा। 'सरकार आपके द्वार' की इस पहल से आमजन को त्वरित सुविधा, समय की बचत और पारदर्शी सेवा का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब जनता की समस्याओं का समाधान उनके घर–द्वार पर ही सुनिश्चित किया जाए। यही इस मोबाइल कार्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करेगी।

इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली के गृह, शहरी विकास मंत्री शिक्षा व ऊर्जा मत्री आशीष सूद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव यह संदेश दिया है कि नेतृत्व का असली अर्थ जनता की सेवा है और हमारी सरकार की यह अनूठी पहल प्रधानमंत्री की उस भावना से प्रेरित है जिसमें वे कहते हैं कि जनप्रतिनिधि का पद सत्ता का नहीं बल्कि सेवा और समर्पण का माध्यम है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने मोबाइल कार्यालय की परिकल्पना की है।

उन्होंने बताया कि इस मोबाइल कार्यालय के माध्यम से अब क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर–उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। गाड़ी पूरे विधानसभा क्षेत्र में जाकर सीधे लोगों तक पहुंचेगी और उनकी शिकायतों को दर्ज करके संबंधित विभाग तक भेजेगी। इसमें एक लैपटॉप, स्टेनो और क्लर्क की व्यवस्था की गई है मुख्यमंत्री ने कहा कि मोबाइल कार्यालय का सबसे बड़ा लाभ उन माताओं–बहनों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को होगा जिन्हें आने–जाने में कठिनाई होती है। अब यह गाड़ी उनके घर तक पहुंचकर उनसे संवाद करेगी और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एमएलए ऑन व्हील्स– रेखा सरकार आपके द्वार' पहल दिल्ली में शासन और जनता के बीच की दूरी को पाटते हुए सेवा को सीधे लोगों के द्वार तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कदम साबित होगी और निश्चित रूप से देशभर में एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली की पहली मोबाइल ऑफिस की शुरुआत वास्तव में जनता को "सरकार आपके द्वार" की भावना से जोड़ने वाला अभिनव प्रयोग है।

## पुलिस ने किए पांच अपराधी गिफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर–पूर्वी दिल्ली में ३९ जगहों पर छापेमारी करके ५ अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ३ सेमी आटोमैटिक पिस्तौल, २ देशी कट्टे, २० जिन्दा कारतूस, १ लेपटॉप, ७ मोबाइल फोन और १८,७०१५० रूपये की नगदी बरामद की है स जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। उत्तर–पूर्वी दिल्ली डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया १९ और २० सितंबर को अपराध पर लगाम लगाने के लिए बड़े स्तर पर सर्च आपरेशन चलाया गया था, इस ऑपरेशन में करीब ३५० पुलिसकर्मी शामिल किए गए थे, इस टीम में जिला डीसीपी, एडिशनल डीसीपी–१, एडिशनल डीसीपी–२, के नेतृत्व में ३६ जगहों पर छापेमारी की गयी स पकडे गए अपराधियों की पहचान अब्बास (४५), इशरत (४५), अल्ताफ (२२), अयान (२३) और अरमान (२२) के रूप में हुई है।

# स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिलने पर केजरीवाल ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते कई दिनों से स्कूलों और महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा रही है। शनिवार को भी ऐसे ही कई धमकी भरे ईमेल स्कूलों को भेजे गए। मेल की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

सुरक्षा के इंतजाम भी किये जा रहे हैं। इधर पुलिस इन थ्रेट मेल्स की जांच कर रही है। उधर, विपक्ष की आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की भाजपा सरकार को इंटरनेट मीडिया पर घेरते हुए सुरक्षा में लापरवाही के आरोप लगाए हैं। इंटरनेट मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने स्कूलों को मिले धमकी भरे ईमेल पर सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, शदिल्ली के स्कूलों को बार–बार बम धमकी मिल रही हैं। हर तरफ अफरा–तफरी हो जाती है, स्कूलों की छुट्टी होती है, बच्चों और अभिभावकों में डर फैलता है, लेकिन एक साल से न कोई पकड़ा गया, न कोई कार्रवाई हुई। चार इंजन वाली बीजेपी सरकार राजधानी की सुरक्षा तक नहीं संभाल पा रही। माता–पिता रोज डर में जी रहे हैं। आखिर ये सब कब खत्म होगा?

बता दें कि दिल्ली के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद पुलिस और स्कूल प्रशासन सतर्क हो गए। नजफगढ़ और महरौली स्थित स्कूलों में ईमेल के माध्यम से धमकी मिलने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बम की धमकी के बाद स्कूलों में अफरा–तफरी का माहौल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

वहीं, आम आदमी पार्टी के आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा गया है, शदिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी फिर से मिली है। इससे पहले हाई कोर्ट को भी ऐसी धमकी मिली थी। दिल्ली में लगातार ऐसी धमकियां आ रही हैं, लोगों में खघैफ फैल रहा है। लेकिन बीजेपी की दिल्ली पुलिस और जांच एजेंसियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। इन धमकियों के पीछे कौन है, आजतक यह पता भी नहीं लग पाया है। दिल्ली की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार गृह मंत्री अमित शाह आखिर कब जागेंगे?

# आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साल 2025 का आखिरी सूर्य ग्रहण आज 21 सितंबर, रविवार को लगने जा रहा है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जो वैज्ञानिक, धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। लेकिन भारतीयों के लिए राहत की बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां कोई सूतक काल लागू नहीं होगा। वैज्ञानिक रूप से, सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है, जिससे सूर्य का प्रकाश कुछ समय के लिए पृथ्वी तक पहुंचने में बाधित होता है। यह एक शानदार खगोलीय घटना है, जो खगोल विज्ञानियों और उत्साही लोगों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहती है। २१ सितंबर को होने वाला यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह मुख्य रूप से दक्षिण प्रशांत महासागर, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में ही नजर आएगा। चूंकि यह भारत में नहीं दिखेगा, इसलिए यहां सूतक काल का प्रभाव भी नहीं होगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण से १२ घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता है। इस दौरान कुछ कार्यों, जैसे पूजा–पाठ, खाना बनाना या खाना खाना, पर रोक होती है। लेकिन चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक काल लागू नहीं होगा।




**सेवा पखवाड़ा' के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नकपुरी विधानसभा क्षेत्र के ओल्ड पंखा रोड स्थित विधायक कार्यालय से 'एमएलए ऑन व्हील्स– रेखा सरकार आपके द्वार' मोबाइल कार्यालय का शुभारंभ करते हुए।**

# बाइक की लाइट बंद करने को हुआ था विवाद, दोस्तों पर चाकू से किए कई वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बस बाइक की लाइट बन्द करने को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो गुटों में पहले गाली गलौच हुई, हाथापाई के बीच दोस्तों पर चाकू से अनगिनत वार किए। वारदात के बाद आरोपी मोके पर से फरार हो गए। दोनो दोस्तों की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है। वारदात पंजाबी बाग इलाके में बीती रात हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वारदात की जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक घायलों की पहचान गोहाना हरियाणा के रहने वाले सन्नी और आदित्य के रूप में हुई है। पंजाबी बाग पुलिस को बीती रात दो युवकों को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुँची। सड़क पर काफी दूरी तक खून पड़ा था। पत चला कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस अस्पताल पहुँची। डॉक्टर ने दोनो की हालात प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर बताई। दोनों के शरीर पर चाकू के कई निशान थे। पता चला कि दोनों का परिवार कुछ साल पहले तक पंजाबी बाग इलाके में रहता था। गुरुवार को दोनों दोस्त पंजाबी बाग स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में अपने जानकार के घर तीन मुर्गे देने के लिए आए थे। देर रात जब वापस जाने लगे तो अपनी बाइक के साथ सड़क पर खड़े थे। वहां पहले से कुछ युवक मौजूद थे। आदित्य की बाइक की लाइट लगी हुई थी। पहले से सड़क पर खड़े युवकों ने आदित्य से बाइक की लाइट बंद करने के लिए कहा। जिस पर आदित्य ने परेशानी पूछी तो उन्होंने झगड़ा शुरू कर दिया और बाइक की चाबी निकाल ली। चाबी वापस मांगने पर जब आरोपियों ने चाबी नहीं दी तो आदित्य ने अपने दोस्तों को फोन कर बुला लिया। जिस पर आरोपियों ने भी अपने दोस्तों को फोन कर बुला लिया।

## पिता ने डांट लगाई, तो घर से निकला, परिवार से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता एक किशोर को उसके परिवार से मिलवाया है।

बीते नौ सितम्बर को निहाल विहार से 15 साल का किशोर लापता हुआ था। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोर के परिजनों,रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की। उसके सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगालने की को. शिश की। एक पुख्ता जानकारी के बाद उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद किया। जांच में पता चला कि पीडिघ्त, जो कक्षा १० का छात्र है, के दो भाई–बहन हैं। उसके पिता दीवार चित्रकार हैं, जबकि उसकी माँ घरों में नौकरानी का काम करती है।

# प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा के नेतृत्व में 'प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन' संत विवेकानंद स्कूल, आनंद विहार का आयोजन भव्य रूप से किया गया।

'सेवा पखवाड़ा' मोदी जी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सुनील देवघर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की शासन व्यवस्था, सुशासन, गुड गवर्नेंस, विकास योजनाएँ और ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों, डॉक्टर्स, अधिवक्ता, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। सुनील देवघर ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के सुशासन की प्रमुख उपलब्धियाँ प्रस्तुत की गई, जिनमें प्रमुख रूप से गरीब कल्याण योजनाएँ 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकलना, 10 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना, विश्व की सबसे बड़ी गरीब लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन प्रमुख हैं। भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आर्थिक सुधार : मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत ऑपरेशन सिंदूर का विशेष रूप से उल्लेख किया । भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता ने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, एक्सप्रेसवे, मेट्रो नेटवर्क, वन्दे भारत ट्रेन, हाई–स्पीड रेल परियोजनाएँ की प्रशंसा करते हुए मोदी जी का आभार व्यक्त किया। भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने सामाजिक न्याय व समावेशी विकास: महिलाओं की भागीदारी, किसान सशक्तिकरण,



युवाओं के लिए रोजगार एवं शिक्षा की चर्चा की। दीपक गाबा ने बताया कि सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम में भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सुनील देवधर, जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, विधायक डॉ. अनिल गोयल व संजय गोयल, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष लता गुप्ता, प्रदेश मंत्री सारिका जैन,जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, पार्षद संदीप कपूर व मोनिका पंत, मण्डल अध्यक्ष सचिन शर्मा, CA श्रीराम अटल, लिरिल बंसल, राजेश सोढ़ी, बबीता खन्ना, सुषमा वही सहित सभी समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया।

# दिल्ली–बड़ौत के बीच डीटीसी की एसी बस सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७५वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा–२०२५ के अवसर पर दिल्ली सरकार ने राजधानी और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। नई सेवा के तहत रोजाना सुबह और शाम तीन–तीन एसी बसें दोनों ओर से चलाई जाएंगी। दिल्ली से बड़ौत की ओर बसें सुबह ४:५० बजे, ५:२० बजे और ५:५० पर रवाना होंगी। वहीं, शाम को ५:०० बजे, ५:३० बजे और ६:०० बजे बसें बड़ौत के लिए चलेंगी। दूसरी ओर बड़ौत से दिल्ली की तरफ सुबह ७:०० बजे, ७:३० बजे और ८:०० बजे तथा शाम को ७:३० बजे, ८:०० बजे और ८:३० बजे एसी बसें आएंगी। लगभग ६० किलोमीटर लंबे इस रूट पर सरकार ने किराये को किफायती रखा है। नई एसी बस सेवा का न्यूनतम किराया ३२ रुपये और अधिकतम किराया १२५ रुपये निर्धारित किया गया है।

मंत्री ने कहा कि इसका मकसद हर वर्ग के लोगों को आरामदायक और सस्ती यात्रा उपलब्ध कराना है। दिल्ली से बड़ौत जाने वाली बसें खजूरी खास, भजनपुरा, लोनी बस स्टैंड, यूपी बॉर्डर, लोनी, मंडोला, खेकरा, काठा, बागपत, गौरीपुर, सरूरपुर और ट्योढ़ी से होकर गुजरेंगी। इसी तरह बड़ौत से दिल्ली आने वाली बसें भी इन्हीं मार्गों से होकर कश्मीरी गेट आईएसबीटी पहुंचेंगी।

## तीन अफ्रीकी नागरिक पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला की ऑपरेशन सेल की टीम ने तीन अवैध अफरीकी नागरिकों को हिरासत में लिया है। वे भारत में बिना वैध वीजा दस्तावेजों के अवैध रूप से रह रहे थे। जिनकी पहचान एलोमुनो गेब्रियल,चिनेडू पॉलिनस और सुनुसी सानी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी वियपाल तोमर की देखरेख में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने पुख्ता जानकारी के बाद सागरपुर और पालम गांव क्षेत्र में घूम रहे कुछ अवैध अफ्रीकी नागरिकों को हिरासत में लिया। संदिग्ध व्यक्तियों से संपर्क किया और पहचान दस्तावेज मांगे। वे नाइजीरिया के संघीय गणराज्य के निवासी हैं और पर्यटक और व्यापार वीजा पर भारत आए थे उनके पास कोई वैध वीजा दस्तावेज नहीं थे।




**नई सीमापुरी में मस्जिद या रसूल अल्लाह नमाजी हाथों पर तख्तियां लेकर खड़े थे। जिस पर लिखा था आई लव यू मोहम्मद तथा लब्बैक या रसूल अल्लाह के नारे लगाते मुस्लिम समाज के लोग।**

# लब्बैक या रसूलल्लाह के लगाए गए नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई सीमापुरी में मस्जिद या रसूल अल्लाह पर बाद नमाज जुमा के बाहर नमाजी हाथों पर तख्तियां ले कर खड़े थे। जिस पर लिखा था आई लव यू मोहम्मद तथा लब्बैक या रसूल अल्लाह के नारे लगा रहे थे। ईद मीलाद उन नबी के मौके पर उत्तर प्रदेश में आई लव यू कहने पर कुछ युवाओं पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी के विरोध में हजारों की संख्या में नमाजी इकट्ठा होकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया। मस्जिद के बाहर मौलाना साबिर कादरी इमाम जुमा मस्जिद या रसूल अल्लाह के बाहर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद के नाम पर हमारा बच्चा बच्चा कुर्बान है। यदि हमारी गर्दने भी काट दी या हमें जेल में डाल दिया हम फिर भी आई लव यू मोहम्मद कहना नहीं छोड़ेंगे। जब आर एस एस के मुखिया मोहन भागवत बराबर बयान दे रहे हैं कि मुसलमान भारत के अंग हैं। सदियों से भारत में रह रहे हैं तथा आगे भी रहते रहेंगे। परन्तु सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए भारत का नाम विश्व भर में बदनाम कर रहे है। हम किसी भी कीमत पर हजरत मोहम्मद का अपमान नहीं सहेंगे।

भारत में हम दो हजार चौदह के बाद बराबर जुल्म सह रहे हैं परंतु उफ तक नहीं किया। हम किसी भी कीमत पर हजरत मोहम्मद की शान में गुस्ताखी नहीं सहेंगे। यदि केंद्र व राज्य सरकार ने ऐसे लोगों के मुंह पर लगाम नहीं कसी तो हमें विवश होकर ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन लेना पड़ेगा।

# दिल्ली के आसमान में झिलमिलाती रौशनी बानी चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार देर रात, डेढ़ और दो बजे के बीच दिल्ली व एनसीआर के आसमान में एक चमकदार तेज गति से चलती झिलमिलाती आग की रेखा ने सभी का ध्यान खींचा। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अलीगढ़ और जयपुर के निवा. सियों ने इस रहस्यमयी दृश्य को देखा। कई लोगों ने इसे अपने कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपने अनुभव और अटकलें व्यक्त कीं। सोशल मीडिया, खासकर एक्स पर, इस घटना को लेकर बहस छिड़ गई है कि यह कोई उल्कापिंड था या फिर किसी चीनी रॉकेट का मलबा। अभी तक किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एक्स पर 'ग्रोक' ने अनुमान लगाया कि यह चमकती रेखा संभवतः चीनी रॉकेट CZ&YB का मलबा हो सकता है, जो वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर रहा था। यह आकलन रॉकेट मलबे की भविष्यवाणियों, वीडियो में दिख रही अपेक्षाकृत धीमी गति और टुकड़ों में बिखरने जैसी विशेषताओं पर आधारित है।

वहीं, कुछ विशेषज्ञ इसे 'बोलाइड' मान रहे हैं, जिसका अर्थ है एक बड़ा उल्कापिंड जो वायुमंडल में प्रवेश करने पर विस्फोट करता है। हालांकि, अंतरिक्ष मलबे की संभावना को अधिक तवज्जो दी जा रही है। लोगों ने इस आकाशीय घटना को लेकर उत्साह और जिज्ञासा जताई है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और अनुभवों ने इस रहस्य को और गहरा कर दिया है। विशेषज्ञों और अधिकारियों से इसकी पुष्टि का इंतजार जारी है।

# जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधन : मल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जन–जन की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से "सांसद आपके द्वार" कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा नगर विधानसभा अंतर्गत गीता कॉलोनी वॉर्ड में किया गया। इस पहल के अंतर्गत सांसद हर्ष मल्होत्रा सीधे जनता से संवाद करेंगे और क्षेत्र की छोटी–बड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 36 वार्डों में जाकर जनता से मुलाकात की जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन, दिल्ली नगर निगम, युवाओं के रोजगार और महिला सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को सांसद द्वारा अधिकारियों के साथ मिलकर तत्काल संज्ञान और समाधान किया जाएगा। मंच संचालन पार्षद नीमा भगत ने किया। हर्ष मल्होत्रा सांसद




पूर्वी दिल्ली ने कहा कि यह पहल जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी को समाप्त करेगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बिना झिझक अपनी समस्या "सांसद आपके द्वार" कार्यक्रम में रखें। विधायक डॉ.अनिल गोयल ने बताया कि "सांसद आपके द्वार– हर समस्या का समाधान" अभियान से जनता को आश्वासन मिला है कि अब उनकी समस्याओं का समाधान घर–घर तक पहुँच कर किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, कृष्णा नगर विधायक डॉ अनिल गोयल, पूर्व महापौर व निगम पार्षद नीमा भगत, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, मण्डल अध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री नेहा त्रिखा व यश गुलाटी, राजेश शर्मा, राजेश साहनी सहित सैकड़ों की संख्या में तूं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में बढ़ी महिला कामगारों की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला कामगारों की आबादी में इजाफा हुआ है हालाँकि मजदूरी पुरुषों से कम है। दिल्ली सरकार की दिल्ली राज्य फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट के मुता. बिक, महिलाओं की श्रम बल भागीदारी बढ़ी है लेकिन उनकी दैनिक मजदूरी पुरुषों से कम बनी हुई है।

यह रिपोर्ट सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की प्रगति पर नजर रखने के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स ने जारी की है। दिल्ली राज्य फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की स्थिति पर आधारित है और हाल ही में अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय ने इसे जारी किया है। रिपोर्ट दिखाती है कि २०१७–१८ में महिलाओं और पुरुषों की श्रम बल भागीदारी दर का अनुपात ०.१९ था। यह आंकड़ा २०२३–२४ में बढ़कर ०.२८ हो गया। यह वृद्धि सकारात्मक है लेकिन ०.२८ का अनुपात यह भी दिखाता है कि लैंगिक असमानता अभी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट दिखाती है कि महिला श्रम बल भागीदारी दर २०१७–१८ में ११.२ फीसदी थी, २०२३–२४ में बढ़कर १४.५ फीसदी हो गई। यह २०१८–१९ में १३.७ फीसदी, २०१९–२० में १२.८ फीसदी, २०२०–२१ में १०.७ फीसदी, २०२१–२२ में ९.४ फीसदी और २०२२–२३ में ११.३ फीसदी थी।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा नमो युवा रन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नमो युवा मैराथन रन का आयोजन किया जाएगा।

इस संदर्भ में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी की जन्म जयंती तक भाजपा द्वारा मनाए जा रहे ष्सेवा पखवाड़ाष के अंतर्गत पूरे देश में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नमो युवा रन का आयोजना किया गया है जिसके अंतर्गत दिल्ली में भी कल इसका भव्य आयोजन डीयू स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में किया जाएगा। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवार्ता को सुश्री बाँसुरी स्वराज के साथ भारतीय एथेलिट पद्मश्री सुधा सिंह एवं दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी ने भी संबोधित किया और नमो युवा मैराथन रन के बैनर को औपचारिक रुप से लॉच किया। प्रेसवार्ता में युवा मोर्चा प्रभारी अभिषेक टंडन एवं युवा मोर्चा के मीडिया प्रमुख शुभम मलिक भी उपस्थित थे।बांसुरी स्वराज ने कहा कि १४० करोड़ भारतीयों के प्रेरणा के स्रोत हैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वे जानते हैं कि इस देश का युवा ही देश का भविष्य है और विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए वह एक सुदृढ़ नींव रखता है और आज सिर्फ युवा सशक्तिकरण की बात नहीं करते हैं बल्कि युवाओं के नेतृत्व में देश को सुदृढ़ करने की बात करते हैं।

उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसा कैंसर है जो इस देश के जड़ों को कमजोर करने के लिए दुश्मन ने हथियार के रुप में प्रयोग किया है। पद्मश्री गोल्ड मेडलिस्ट एथेलिट सुधा सिंह ने कहा कि कल का मैराथन विशेष रुप से युवाओं को नशे से मुक्त दिलाने का अभियान है और हम सभी से अनुरोध करेंगे कि अगर आपके घर में भी कोई बच्चा युवा को नशे के लत है तो उसे समझाइए क्योंकि किसी घर का एक युवा नशे में है तो उसका पूरा परिवार कमजोर हो जाता है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोल्ड स्टोरेज में की छापेमारी

## विभाग ने मिलावटखोरी पर कसी नकेल, 3.21 लाख का कुट्टु आटा किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में नवरात्रि जैसे त्योहारों को देखते हुए, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए पूरे जिले में एक बड़ा छापा मारा। इस अभियान के दौरान नौ प्रतिष्ठानों से खाने-पीने की चीज़ों के नमूने लिए गए और एक बड़ी कार्रवाई में 4548 किलो सामग्री सीज की गई।

अनवरपुर में स्थित वृंदावन कोल्ड स्टोरेज में टीम ने 90 बोरी प्रत्येक 50 किलो कुटू का आटा और एक बोरी 48 किलो कुटु सीज किया। सीज की गई कुल सामग्री 4548 किलो थी, जिसकी कीमत लगभग 3.21 लाख रुपये है। अधिकारियों को शक है कि यह सामग्री मिलावटी या असुरक्षित हो सकती है, जो व्रत के दौरान लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

इसके अलावा, बाबूगढ़, गढ़मुक्तेश्वर, बहादुरगढ़ जैसे कई स्थानों पर भी छापे मारे गए। इनमें से कुछ प्रतिष्ठानों से कुटू का आटा, समा का चावल, बर्फी, मूंगफली दाना, व्रत की नमकीन, किशमिश और देशी घी के नमूने लिए गए। सभी लिए गए नमूनों को तुरंत खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।

रिपोर्ट आने के बाद, यदि किसी भी सामग्री में मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदारों या प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया जाएगा या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि त्योहारों के समय, खासकर नवरात्रि में, व्रत में



इस्तेमाल होने वाली चीज़ों की मांग बढ़ जाती है। इसका फायदा उठाकर मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके। यह अभियान महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों में चल रहे खाद्य सुरक्षा ड्राइव से प्रेरित है। अगर आपको अपने इलाके में किसी भी तरह की मिलावट का शक है, तो आप हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5566 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# दो घरों से लाखों की चोरी का आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव परतापुर में शुक्रवार देर रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया, जिससे पूरे गांव में डर का माहौल है। नकाबपोश चोर लाखों रुपये की नकदी और सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। चोरी की इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीती रात चोरों ने गांव परतापुर निवासी गुलशन के घर को अपना निशाना बनाते हुए रात करीब 2 बजे छह नकाबपोश चोरों ने गुलशन के घर में घुसकर 15,000 रुपये नकद, 70,000 रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और एक मोबाइल फोन चुरा लिया। वही दूसरी ओर चोरों ने मोहल्ला अल्वी निवासी असलम के घर से चोरों ने लगभग डेढ़ लाख रुपये और आभूषण चुराए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि ये पैसे उनकी बेटी की शादी के लिए बचाए गए थे। सूचना मिलते ही



पिलखुवा थाना प्रभारी पटनीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने गांव वालों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और गश्त बढ़ा दी गई है। इन घटनाओं के बाद गांव के लोग काफी परेशान हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस ने जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को हापुड़ बार एसोसिएशन के वकीलों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की पुरानी मांग को लेकर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध पश्चिमी यूपी के 22 जिलों में एक साथ हुआ, जिसमें मेरठ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बुलंदशहर और बागपत जैसे जिले शामिल थे। इस प्रदर्शन के कारण वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिससे मुवक्किलों को कफी परेशानी हुई। दोपहर में वकीलों ने तहसील चौपला पर पहुंचकर सड़क जाम कर दी और मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान उन्होंने ष्पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच हो, न्याय सुलभ हो जैसे नारे लगाए।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिमी यूपी के 22 जिलों के लोगों को इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रयागराज जाने के लिए 500 से 850 किमी तक की यात्रा करनी पड़ती है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों को पैसों और शारीरिक तौर पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जो उनके न्याय के अधिकार का उल्लंघन है। पश्चिमी यूपी के इन 22 जिलों की आबादी 7 करोड़ से ज्यादा है, और यह क्षेत्र दशकों से न्यायिक सेवाओं की कमी झेल रहा है। अधिवक्ताओ का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 50 सालों से चली आ रही इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया है। अधिवक्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर ईला प्रकाश को



सौंपा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार को पश्चिमी यूपी के मेरठ या नोएडा जैसे शहरों में स्थायी बेंच स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह ज्ञापन इस दशक पुरानी मांग को न्यायिक अन्याय बताते हुए, पूर्वी यूपी और लखनऊ को बेंच मिलने के बावजूद पश्चिमी यूपी को वंचित रखने पर रोष व्यक्त करता है। हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल और सचिव वीरेंद्र सैनी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों ने हिस्सा लिया, जिसमें अजित चौधरी, गजेंद्र सिंह चौहान, भोपाल सिसोदिया, अनिल सिसोदिया, प्रवीण गुप्ता जैसे कई प्रमुख नाम शामिल थे।

# मिशन शक्ति 5.0 का जिले में हुआ भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का पांचवां चरण शनिवार से प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का शनिवार को हापुड़ जिले में भव्य शुभारंभ हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है।

हापुड़ कोतवाली नगर सहित जिले के विभिन्न थानों जैसे पिलखुवा, धौलाना, बाबूगढ़, कपूरपुर, गढ़मुक्तेश्वर, बहादुरगढ़ और हापुड़ देहात में बड़ी स्क्रीन लगाकर मुख्यमंत्री का संबोधन दिखाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग, छात्र-छात्राएं, महिला-पुरुष पुलिसकर्मी और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों ने मिशन शक्ति की शपथ ली। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने वहां मौजूद बच्चों और महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, एंटी रोमियो स्क्वॉड और पिंक बूथ जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च



प्राथमिकता है। महिला सुरक्षा टीम लगातार सड़कों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त कर रही है। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों और महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में महिलाओं की भागीदारी और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ेगी, तभी परिवार और समाज प्रगति करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मिशन शक्ति सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में नारी के सम्मान और सशक्तिकरण का एक बड़ा संकल्प है। कार्यक्रम का समापन जोरदार तालियों के साथ हुआ, जहां सभी ने महिला सुरक्षा के लिए हरसंभव सहयोग करने का वादा किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 23 शिकायतें, 4 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को धौलाना तहसील सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कर रहे तहस. ीलदार प्रवेश कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर समाधान करने के संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धौलाना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और विकास विभाग से सम्बंधित 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहस. ीलदार प्रवेश कुमार ने फरियादियो की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि फरियादी की समस्या का



निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए अगर किसी अधिकारी की निस्तारण मे लापरवाही बरतने का मामला संज्ञान मे आया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बाकी शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान तहसीलदार प्रवेश कुमार, नायब तहसीलदार अमरपाल सिंह, दिव्यांशी सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# घर लौट रहे परिवार पर दबंगों ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र के मसौता मोड़ पर कुछ दबंगो द्वारा घर लौट रहे कार सवार एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। दबंगो द्वारा गाड़ी में तोडफोड़ और गाड़ी में बैठी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का भी मामला सामने आया है। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना तब हुई जब गाजियाबाद के गांव कलछीना निवासी साजिद अपने परिवार के साथ शुक्रवार की देर शाम अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह पिलखुवा थाना क्षेत्र के मसौता मोड़ पर पहुंचे तभी करीब



एक दर्जन अज्ञात युवकों ने साजिद और उनके भाई जाहिद को रोककर लोहे की रोड और ईट से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जब निड़ोरी गांव के शहजाद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए। तो वही हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित साजिद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घायलों का मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सैफी सेवा फाउंडेशन का परिवार बढ़ाओ महाअभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** शनिवार को कोटला सादात में सैफी सेवा फाउंडेशन रजिस्टर्ड ने परिवार बढ़ाओ महाअभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन सैफी सेवा फाउंडेशन के प्रबंधक पत्रकार निजामुद्दीन सैफी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान कलाम-ए-पाक की तिलावत से हुआ। इसके बाद सैफी उपनाम की शुरुआत करने वाले दिवंगत बुजुर्गो को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान फाउंडेशन में अलग-अलग व्यक्तियों को राज्य, प्रदेश और जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। फाउंडेशन के प्रबंधक निजामुद्दीन सैफी ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर शपथ दिलाई। इस दौरान हाफिज वहाब सैफी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नए सदस्यों को संस्था का मेडल पहनाकर सदस्यता दी गई। इस अवसर पर वली , असलम, नईम, नूर हसन, डा. मुबारक अली, नईम आदि मौजूद थे।

# भाकियू की पंचायत में किसानों ने उठाई अहम मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत संपन्न हुई। इस पंचायत की अध्यक्षता कुलवंत सिंह सरदार ने की और इसका संचालन जीते चौहान ने किया। किसानों ने अपनी समस्याओं से एसडीएम और नायब तहसीलदार को अवगत कराया, जिसके बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का सर्वे करने के लिए एक टीम गठित की गई। इस टीम में पांच किसान भी शामिल किए गए हैं। पंचायत के दौरान, किसानों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और इन पर तुरंत कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान जीते चौहान ने कहा कि गन्ना मिलों को तुरंत बकाया भुगतान ब्याज सहित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भुगतान न होने के कारण किसान अपने बच्चों की स्कूल फीस और बिजली के बिल जैसी जरूरी चीजें भी नहीं भर पा रहे हैं, जिससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो गया है। किसानों ने मांग की कि बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। कई गांवों को अभी तक आपदा क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है, जबकि वहां फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। नवदीप सिंह ने इस क्षेत्र का गन्ना भुगतान सबसे पहले करने की मांग की ताकि किसान अगली बुवाई कर सकें। दिनेश त्यागी ने आवारा पशुओं की समस्या को उठाया। दिनेश त्यागी ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने को किसानों के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग किसानों का



उत्पीड़न कर रहा है, अवैध वसूली कर रहा है, और बिना बिल के भी कनेक्शन काट रहा है। नवदीप सिंह और सुनील चौहान ने थानों और तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध खनन, पेड़ों की कटाई और ओवरलोडिंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि थानों में दलालों को प्राथमिकता दी जाती है और किसान चक्कर काटते रहते हैं। अंत में मनोज प्रधान ने बताया कि 27 सितंबर को किसान महापंचायत हापुड़ की नवीन मंडी में होगी, जिसमें राकेश टिकैत उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी किसानों से इस महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुं. चने का आग्रह किया। इस मौके पर कई किसान नेता और सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# धूमधाम से हुआ पिलखुवा में श्रीरामलीला मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई और रामचरितमानस की लीला का मंचन किया गया। शोभायात्रा में विश्वामित्र द्वारा यज्ञ, राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को ले जाने और ताड़का वध जैसी झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया।

यह शोभायात्रा रेलवे रोड स्थित लाल शंभू माल अघोरी वालों की धर्मशाला से प्रारंभ हुई और रामल. ीला मैदान पहुँचकर समाप्त हुई। इसके बाद मैदान में स्वामी बृज किशोर शर्मा जी के कलाकारों ने रामचरितमानस पर आधारित लीला का मंचन किया, जिसे रामभक्तों ने खूब सराहा और करतल ध्वनि से स्वागत किया। मेला अधिकारी मित्तल ने बताया कि आज रविवार



को सीताजी के स्वयंवर का मंचन होगा, जिसमें प्रभु राम द्वारा शिवधनुष तोड़ना और माता सीता को जयमाला पहनाने का दृश्य दिखाया जाएगा। इसके उपरांत लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राजेश मित्तल, मंत्री संदीप जिंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल, सुनील गोयल, सुभाष चंद्र गोयल, तरंग मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, आशीष मित्तल, केशव शर्मा, विजयपाल रोहिल्ला, सुधीर गोयल, मोहित गुप्ता, मनोज गर्ग, पंसारी विपिन कुमार, टिल्लू प्रेम प्रकाश (बर्फ वाले) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# स्वस्थ नारी, सशक्त नारी अभियान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा में स्थित जीएस विश्वविद्यालय में स्वस्थ नारी, सशक्त नारी अभियान के तहत प्राकृतिक स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सुनीता ने किया। इस दौरान, जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डा. रूपाली शर्मा ने छात्राओं और महिलाओं को प्राकृतिक स्वच्छता, मासिक धर्म स्वास्थ्य, पोषण और रोगों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल और कॉलेजों की छात्राओं ने हिस्सा



लिया। डा. शर्मा ने सभी उपस्थित छात्राओं, अध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर असमिना चांद, अमरिना चांद, शीतल चौहान, सुषमा त्यागी, रेनू सिंह, नीतू, अंशु के साथ-साथ कई अन्य छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### रिश्तेदारों पर महिला पर हमले का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र की विक्रांत कॉलोनी में शुक्रवार शाम एक महिला पर उसके ही मौसा और मौसी ने हमला कर दिया। घटना के दौरान आरोपियों ने महिला को गाली-गलौज देने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे महिला को चोटें आई हैं।

पीड़िता नजराना के अनुसार, यह हमला पैसे को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की और जब उन्होंने अपने आधार कार्ड से निकाले गए पैसे की शेष राशि मांगी, तो उन पर हमला किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में जांच जारी है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला की ट्रेन से कटने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह मुरादाबाद से दिल्ली जा रही एक ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात लगभग 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना के बाद स्टेशन पर माहौल अफरा-तफरी का हो गया और यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी प्रभारी विक्रम सिंह अपने साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। जीआरपी के अनुसार, मृतक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके परिजनों की तलाश का प्रयास जारी है।

### नयागांव इनायतपुर में आज होगा मिल्खा सिंह दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव नयागांव इनायतपुर में रविवार को यानि आज, 1600 मीटर की मिल्खा सिंह दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजकों कमेटी के सदस्य रसेल भाई, पिंटू राणा और मनोज राणा ने बताया कि इस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य भारतीय सेवा के शूरवीरों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना है। जिससे कि क्षेत्र से अधिक से अधिक युवा आर्मी में जा सकें और अपने गांव और देश का नाम रोशन कर सकें, वहीं बुजुर्गों ने युवाओं को आर्मी के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में केवल युवाओं में खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं बल्कि उन्हें अनुशासन और एकता के महत्व को समझने और समझाने का अवसर भी प्रदान करना है, इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रूपये, द्वितीय इनाम 2100, तृतीय ईनाम 1100 और चतुर्थ इनाम 500 रुपए होने के साथ-साथ ही अन्य 10 विजेताओं को मेडल दिए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

### विश्व ब्राह्मण संघ ने संस्थापक स्व. पंडित मांगेराम शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के संस्थापक, ब्राह्मण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा को उनके प्रथम श्राद्ध पक्ष पर याद किया गया। संघ के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा के निजी निवास, विकासपुरी के हिमगिरि अपार्टमेंट में, शृंगेरी पीठ के विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। पंडित रविकांत शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने पिता की स्मृति में ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, फल और मिठाई दान करके पितृ पक्ष का पालन किया।

यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि पंडित मांगेराम शर्मा ने ब्राह्मण समाज के उत्थान, कल्याण और समृद्धि के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा और भारत के कई अन्य राज्यों में जाकर काम किया और उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा और यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पंडित माया प्रकाश शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

## एनसीआर में करते चोरी, बुलंदशहर में बेचते; 12 बाइक संग तीन शातिर दबोचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कासना कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की गई 12 बाइक, एक अवैध तमंचा, कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि 19 सितंबर 2025 को गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने साइट-5 ओवरब्रिज के पास से तीन आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोपाल शर्मा (25) निवासी गांव छपरौला, प्रिन्स (19) निवासी अलीगढ़ और नितेश (20) मथुरा के रूप में हुई हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 12 चोरी की बाइक बरामद हुई है। बरामद हुई बाइकों में कुछ पर नंबर प्लेट मौजूद हैं। जबकि कई बिना नंबर की हैं। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी मिली है। इनके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। सेंट्रल नोएडा जोन के थाना ईकोटेक-3, दिल्ली, फरीदाबाद के थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज मिला हैं। आरोपी संगठित तरीके से बाइक चोरी करते थे। चोरी के बाद फर्जी कागजात तैयार कर उन्हें बेचने का काम करते थे। आरोपी कंपनी फैक्ट्री, घर मकान, बाजार आदि जगह से पुरानी बाइक का ताला तोड़कर चोरी करते थे। अबतक 20 से अधिक वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पिछले चार माह से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपी चोरी की बाइक को बुलंदशहर में एक व्यक्ति को सस्ते दाम में बेचते थे। जो पैसे मिलते थे उसे आपस में बांटकर मौज मस्ती करते थे। आरोपी जिस व्यक्ति को बाइक बेचते थे। उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। गिरोह के अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दो शातिर बाइक चोरों को डोमिनोज गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे व निशानदेही से चोरी की तीन बाइक के साथ दो अवैध चाकू भी बरामद किए हैं। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अंकित निवासी इटावा और इलियाश निवासी खैरपुर गुर्जर को डोमिनोज गोलचक्कर के पास से दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बाइक चोरी की कई वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपी अंकित के खिलाफ बीटा-2 कोतवाली में केस दर्ज है। जबकि इलियाश पर भी बीटा-2 और हापुड़ कोतवाली देहात में आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ पहले भी चोरी व अवैध हथियार रखने के मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

## कंपनी परिसर में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र स्थित एक कंपनी में शनिवार सुबह को एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दीपक सदा निवासी थाना भरवरिया समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी कि हबीवपुर में स्थित एक निजी कंपनी के परिसर में पेड़ से फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना कराया। मृतक के शव को देखकर प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि उसने आत्महत्या की है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई और उनके सहयोग से शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। मामले की जांच जारी है। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आत्महत्या का कारण क्या था। युवक कंपनी परिसर में बने अन्य कर्मियों के साथ रहता था।

# शहर के कई कलाकारों को रामलीला में मंचन करने का मिला मौका: पंडित कृष्ण स्वामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 नोएडा ने इस बार पहले से बेहतर जहां सुरक्षा के बंदोबस्त किए हैं, वहीं क्षेत्र के कलाकारों को रामलीला मंचन का मौका दिया है। नोएडा शहर में रहने वाली जानवी चौहान जो की सीता का रोल करेंगी. इसी तरह और भी कई नए कलाकारों को मौका दिया गया है, जिसमें रामचंद्र जी का रोल ऋषि करेंगे तथा और भी कई कलाकार अलग-अलग रोल करेंगे।साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर 25 सीसी टीवी कैमरे, 50 निजी सुरक्षा गार्ड साथ वालीइंटर एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे।

रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन का स्टेज पहले से बेहतर एवं बड़ा बनाया गया है, साथ ही रामलीला देखने आने वालों के सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

सुरक्षा के मद्देनजर नजर 25 सीसी टीवी के अलावा 50 सुरक्षा गार्ड प्रत्येक दिन मेले में तैनात रहेंगे वहीं दशहरा पर 2 अक्टूबर को इनकी संख्या डबल कर दी जाएगी। साथ ही प्रतिदिन इनकी तैनाती रहेंगी ।इतना ही नहीं पुलिस कर्मी भी सुरक्षा में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के अवसर पर राज्यसभा सांसद सुरेंद्रनागर एवं एमएलसी नरेंद्र भाटी तथा अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन मुख्य अतिथि के रूप में अलग-अलग अतिथि होंगे। इस अवसर पर लीला संयोजक पंडित कृष्ण स्वामी से एक मीडिया कर्मी ने प्रश्न पूछा कि इस बार सेक्टर 62 और नोएडा स्टेडियम की रामलीला की मंडलीय बदल दी गई है ,आपके यहां भी कुछ बदलाव किया गया है। इस पर लीला संयोजक ने बताया कि इस बार उनके यहां भी पुराने कलाकार बदलकर यहां के रहने वाले नए कलाकारों को लीला मंचन का मौका दिया गया है, उन्होंने बताया की लीला का मंचन 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा।

तथा 2 अक्टूबर को रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले दहन किया जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने नए कलाकारों को भी मौका दिया है, जिनमें सीता की भूमिका नोएडा निवासी जानवी चौहान निभाएंगी। वही रामचंद्र की भूमिका ऋषि द्वारा अदा की जाएगी। जबकि हनुमान की भूमिका जगदीश चंद भारद्वाज निभाएंगे। इसी तरह रावण की भूमिका अरविंद द्वारा निभाई जाएगी।

# नोएडा प्राधिकरण ने ई-साइकिल योजना पर एनटीसी से मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण ने ई-साइकिल परियोजना को नोएडा स्थापना दिवस पर लॉन्च किया था। जिससे आसपास के कार्यालयों में आने जाने वाले लोगों को सार्वजनिक वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। योजना लॉन्च होने के चार माह बाद ही फ्लाप हो गई है।

कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाना था। बतौर इसकी जांच के लिए सीईओ के निर्देश पर तीन शीर्ष अधिकारियों जिसमें एसीईओ सतीश पाल, ओएसडी महेंद्र प्रसाद और जीएम आरपी सिंह की एक समिति बनाई। इस समिति ने एनटीसी से कुछ बिंदुओं पर जवाब मांगा है। प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि कंपनी एग्रीमेंट के अनुसार काम नहीं कर पा रही। प्राधिकरण की उम्मीदों पर खरी नहीं है। ऐसे में समिति ने फाइलों की जांच की। जांच में कई पाइंट सामने निकल कर आए। जिनको वेरिफाइ किया जा रहा है। इसके लिए एनटीसी के जीएम से तत्काल जवाब मांगा गया है। वो अपने स्तर या फाइल को मूव कराने वाले सक्षम कर्मियों से जवाब लेकर तत्काल समिति के सक्षम उपलब्ध कराएंगे। जिससे आगे की जांच की जाएगी।

**क्या है मामला इसे समझे:** टर्बन मोबिलिटी को 62 डॉक स्टेशन पर इ साइकिल चलानी थी। 2023 में करीब चार साल की कवायद के बाद योजना को शुरु किया गया। उस समय 31 डॉक स्टेशनों पर ई साइकिल को शुरू किया। कंपनी ने कहा कि चार महीने में सभी 62 डॉक स्टेशनों पर ई साइकिल को शुरू किया जाएगा।

ऐसा हुआ नहीं। प्राधिकरण ने योजना लॉन्च के होने करीब एक साल बाद कंपनी को नोटिस जारी किया। कंपनी ने जवाब नहीं दिया। इसी तरह दूसरा और अंतिम नोटिस जारी किया गया और कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने को कहा गया।

**इन सवालों का मांगा जवाब:** उन्होंने बताया कि जीएम एनटीसी ने पूछा गया है कि टर्बन मोबिलिटी के साथ जो एग्रीमेंट किया गया है उसके अनुसार वो ई साइकिल चल रही है या नहीं?, कंपनी में पहले फेज में 31 स्थानों पर डॉक स्टेशन (जहां साइकिल खड़ी होती है) पर एग्रीमेंट के अनुसार विज्ञापन का कितना राइट्स दिया गया। वो उससे ज्यादा या अन्य डॉक स्टेशनों पर भी विज्ञापन कर रही है या नहीं इसका क्या स्टेटस है ? फाइलिंग प्रक्रिया को कैसे बढ़ाया गया। किन-किन कर्मचारियों ने कंपनी से संबंधित फाइल को मूव किया और कहा खामी रही।

**कंपनी ने बदले डायरेक्टर:** इसके अलावा अन्य पाइंट भी शामिल है। जिनको पूछा गया। उन्होंने बताया कि तत्काल प्रभाव से ये जवाब प्राधिकरण अधिकारी को देना होगा। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

इस मामले में कंपनी ने कई बार अपने डायरेक्टर बदले और विज्ञापन के लिए डॉक स्टेशन की लोकेशन बदलने का आग्रह किया। जिसके बाद सीईओ ने पूरे मामले की जांच बैठा दी।

## डीसीपी यातायात संग डीडीआरडब्ल्यूए ने बैठक की

**नोएडा।** शहर की यातायात समस्या को लेकर शनिवार को डीडीआरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मंडल ने डीसीपी यातायात डा. प्रवीण रंजन सिंह के साथ बैठक की। बैठक उनके सेक्टर-14ए यातायात कार्यालय पर की गई। उनकी नवनियुक्ती पर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और जिले की यातायात से संबंधित समस्याओं के विषय में अवगत करवाया। डीडीआरडब्ल्यू अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि सेक्टर-51 और सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन और सेक्टर-57 चौकी पर लगने वाले यातायात जाम से निजात निलाने की मांग की रगई। वहीं सेक्टर-53 आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि उनका सेक्टर गिझोड़ गांव से लगा हुआ है। ऐसे गिझोड़ गांव की गाड़ियां सेक्टर में खड़ी होती है।

ऐसे में सेक्टर के लोगों की परेशानी बढ़ रही है। सेक्टर-11 के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने हरि दर्शन चौराहा व मेट्रो अस्पताल चौराहा पर जाम की समस्या से अवगत कराया। सेक्टर-41 अध्यक्ष अनिल खन्ना ने सेक्टर-41 मार्केट के पास व सेक्टर गांव आगाहपुर से सटा होने के कारण गांव की गाडिघ्या सेक्टर मे खडी होने के सम्बन्ध में जानकारी दी। डीसीपी यातायात डा. प्रवीण रंजन सिंह ने आश्वासन दिया इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। इस मौके पर डीडीआरडब्ल्यूए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, वीरेश मलिक, दिनेश कृष्णन, सुरेन्द्र प्रसाद व विजय रतूडी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नोएडा में 80 फीट का होगा रावण

## लाइव डायलॉग बोले जाएंगे, डबल स्टोरी महल जैसा मंच, 50 कलाकार एक साथ करेंगे मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति की ओर से नोएडा स्टेडियम में 22 सितंबर से रामलीला का आयोजन होने जा रहा है। यहां डबल स्टोरी स्टेज तैयार किया जा रहा है। पहली बार मंचन हरि भक्ति कला ट्रस्ट दिल्ली एवं मुंबई के टीवी व फिल्मी कलाकारों की ओर से किया जाएगा। दो अक्टूबर को रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा।

तीन अक्टूबर को भरत मिलाप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया के साथ रामलीला का समापन होगा। इस बार कलाकार स्वयं डायलॉग बोलेंगे। वाइस लिप सिंग नहीं की जाएगी।समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि राम बारात बैंड बाजे, रथ, ढोल नगाड़े एवं सुंदर झांकियों के साथ 26 सितंबर को श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 से दोपहर तीन बजे निकाली जाएगी। बारात विभिन्न सेक्टर होते हुए रामलीला मैदान सेक्टर 21ए रात आठ बजे पहुंचेगी।

**एक साथ 50 कलाकार करेंगे मंचन:** इस बार मंच को डबल स्टोरी तैयार किया गया है। मंच एवं पूरे ग्राउंड पर बहुत ही लाइट की व्यवस्था है। मंच को महल के रूप में दिखाया गया है, जिसमें जंगल पहाड़ एवं महल का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मंच का साइज 60 ग 90 फीट एवं 35 फीट ऊंचाई का होगा लगभग 50 कलाकारों द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया जाएगा।

**80 फीट का होगा रावण:** इस बार दशहरा पर रावण 80 फीट, कुंभकरण 75 फीट, मेघनाथ 65 फीट के पुतलों का दहन किया जाएगा। पुतलों की पूरी पोषाक रंग बिरंगे अंदाज में पगड़ी पहने बिजली की लाइट से जगमगाते हुए तथा सुंदर आतिशबाजी भी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षाकर्मी, स्वयं सेवक, संस्था के सदस्य पदाधिकारी सभी व्यवस्थाओं को देखेंगे। पूरे आयोजन के दौरान खाने पीने का फूड स्टॉल, झूला, सर्कस, फायर कैंकर शो का भी आयोजन किया जायेगा।

**रोजाना देश भक्ति के गीत:** बहुत ही भव्य एवं आकर्षित श्री रामजी का चरित्र दर्शाया जायेगा। इस बार विजय दशमी का एवं 02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन मनाया जा रहा है इसके चलते रामलीला मंचन में भी प्रतिदिन देश भक्ति के गीतों की गुंज सुनाई देगी एवं स्वच्छता का भी संदेश साथ ही सेवा कार्य की प्रेरणा भी जनमानस को दी जायेगी।

## एक नजर

### ट्रेड शो में दिखेंगे ऑडी और मर्सिडीज के नए मॉडल

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार परिवहन विभाग को वाहनों के डिस्प्ले के लिए 2,000 वर्ग मीटर जगह मिली है। इसमें ई-वाहनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ऑडी और मर्सिडीज के नए लग्जरी वाहन भी नजर आएंगे। विभाग का कहना है कि इस बार पहले से ज्यादा कंपनियों को शामिल किया गया है। पिछले साल करीब 20 कंपनियों ने भाग लिया था लेकिन इस साल कई बड़े ब्रांड्स पर भी फोकस किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि बीते वर्ष लोगों ने शो में काफी उत्साह दिखाया था। उसी अनुभव को देखते हुए इस बार बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**सुविधाओं की जानकारी भी देगा विभाग:** परिवहन विभाग अपनी सुविधाओं की प्रदर्शनी भी लगाएगा। रोड सेफ्टी, ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर और डिजिटल सेवाओं की जानकारी देगा। विभाग का कहना है कि वह लगातार आम लोगों को बेहतर और आसान सुविधाएं देने पर काम कर रहा है।

### ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, चालक की मौत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे एक सड़क हादसा सामने आया है। एस्टर चौकी के पास एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान गाजियाबाद के कविनगर के गोविंदपुरम निवासी भगवंत सिंह के रूप में हुई है। वह रोजा जलालपुर से जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना बिसरख पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नोएडा पुलिस के मीडिया सेल ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तीन स्थानों पर बिजली उपकेंद्र बनेंगे

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बादलपुर समेत तीन स्थानों पर 33 केवी क्षमता के विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बादलपुर उपकेंद्र का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। वहीं, दो अन्य का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सैद्धांतिक व प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद निविदा जारी की जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक तीन नए विद्युत उपकेंद्र बनने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों के साथ आसपास के गांवों में रहने वाले हजारों लोगों को फायदा होगा। तेजी से बढ़ती आबादी के कारण बिजली नेटवर्क की क्षमता कम पड़ने लगी है। गर्मी के मौसम में ओवरलोड होने से ट्रिपिंग की समस्या पैदा हो जाती है। दादरी क्षेत्र में भी बिजली की समस्या गंभीर होती जा रही है। बिजली संकट को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने विद्युत उपकेंद्रों की संख्या बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत दादरी क्षेत्र के बादलपुर और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाड़ी और शाहबेरी में विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। इन तीनों उपकेंद्र की क्षमता 33 केवी होगी। प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अश्विनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बादलपुर में बनाए जाने वाले विद्युत उपकेंद्र की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके निर्माण पर 14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शिलान्यास कर निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जाएगा। इस उपकेंद्र से अच्छेजा, सादोपुर, बादलपुर समेत आसपास की कालोनियों को विद्युत आपूर्ति की जाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि पतवाड़ी और शाहबेरी में भी उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उच्चाधिकारियों से सैद्धांतिक और प्रशासनिक मंजूरी लेकर निविदा जारी की जाएगी। इन दोनों इलाके में बिजली के ढांचे में सुधार की जरूरत महसूस की जा रही है। इसका फायदा आसपास के सेक्टरों को भी मिलेगा। ज्ञात हो कि गर्मी के मौसम में शाहबेरी में हर साल बिजली संकट पैदा हो जाता है।

**अस्तौली में भी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण:** प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र के अस्तौली गांव में भी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। यहां आधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र विकसित किया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र का निर्माण होने से यहां स्थापित किए जा रहे कूड़ा निस्तारण संयंत्र को विद्युत आपूर्ति करने में सहूलियत होगी। एनटीपीसी और रिलायंस समेत तीन कंपनियों ने संयंत्र लगाने का काम शुरू कर दिया है।

# वेस्ट प्रोसेस न करने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी का निरीक्षण किया। सोसाइटी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। निरीक्षण करने गई टीम को जगह-जगह गार्बेज पड़ा मिला।

अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों और सोसाइटी के मेंटेनेंस ऑफिस के स्टाफ को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 के अंतर्गत बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी गई। सोसाइटी पर 25,200 रुपए की पेनल्टी भी लगाई गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बल्क वेस्ट जेनरेटरों के यहां कूड़ा प्रबंधन का नियमित निरीक्षण करने में लापरवाही बरतने पर विभागीय टीम को कड़ी फटकार लगाई।

एसीईओ ने टीम को बीडब्ल्यूजी का नियमित निरीक्षण करने और खामी पाए जाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। लापरवाही करने पर टीम के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। साथ ही बल्क वेस्ट जनरेटरों को भी कूड़े का उचित प्रबंधन करने की अपील की है। उन्होंने बल्क वेस्ट जनरेटर की परिसर में गंदगी मिलने या फिर ग्रेटर नोएडा में इधर-उधर कूड़ा फेंकने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# डीएससी एलिवेटेड और जंगल ट्रैल के लिए बढ़ा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भंगेल (डीएसस) एलिवेटेड रोड और सेक्टर-95 में बने नोएडा जंगल ट्रेल पार्क के लिए अभी एक महीने का और इंतजार करना होगा। दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण इस महीने होने की संभावना कम है। भंगेल एलिवेटड पर अभी लाइटिंग का काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले महीने होने वाली च्ड विजिट में इनका लोकार्पण कराया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करने ग्रेटर नोएडा आएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। उनके 24 सितंबर को ही ग्रेटर नोएडा आने की संभावना है।

यह ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। ऐसे में संभावना जताई जा रही थी कि यूपी ट्रेड शो के शुभारंभ के साथ-साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की, जो परियोजनाएं तैयार हैं, उनका लोकार्पण किया जा सकता है।

**नोएडा के सेक्टर-95 में बना जंगल ट्रेल पार्क:** शुक्रवार को जिले में आए मुख्यमंत्री और उनके अधिकारियों की टीम ने अगले सप्ताह किसी परियोजना के लोकार्पण या शिलान्यास कार्यक्रम के लिए हरी झंडी नहीं दी। सेक्टर-95 में कबाड़ से बनी जानवरों की आकृतियों से सुसज्जित नोएडा जंगल ट्रेल पार्क बनकर तैयार है। इसके बनाने में 15 करोड़ रुपए खर्च हो रहे है। एनसीआर का पहला पार्क होगा जिसमें जंगल नाइट सफारी होगी। ई कार्ट के जरिए। पार्क में जल, मरुस्थल, बर्फ और घने जंगलों में रहने वाले 800 जानवरों को बनाया जाएगा। फूड कोर्ट होगा, किड्स प्ले एरिया बनाया जाएगा, पिकनिक स्पॉट होगा।

# भूजल दोहन का विरोध: 53 दिन से धरने पर डटे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भूजल दोहन के विरोध में चल रहा धरना 53वें दिन भी जारी है। धरना अहमद खां की अध्यक्षता और भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में चल रहा है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन सिंह कसाना ने आज धरनास्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने आंदोलनकारियों को हर जरूरत पर साथ देने का भरोसा दिलाया।

धरने में मौजूद किसान नेताओं और स्थानीय लोगों ने यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे भूजल दोहन की निंदा की। उन्होंने इसे किसानों के भविष्य के लिए नुकसानदायक बताया। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक भूजल दोहन नहीं रुकेगा और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, धरना जारी रहेगा।

धरने में धर्मपाल, किरणपाल, सिब्बु मुखिया, बुद्धपाल, प्रमोद शर्मा, भूपेंद्र नागर, शौकत अली, सोबी नागर, अकरम खान, उम्मेद सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# महिला की हत्या के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज वन थाना क्षेत्र के अमिताभ पार्क में महिला का शव मिलने के मामले का पुलिस ने 20 दिन बाद पर्दाफाश कर दिया। मामले में महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तलाकशुदा महिला शादी करने और परिवार को छोड़ने के लिए आरोपी पर दबाव बना रही थी। पुलिस के मुताबिक एक सितंबर को अमिताभ पार्क में एक महिला की लाश मिली थी। शव के पास से शिनाख्त संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला रेतकर हत्या करना सामने आया। पुलिस ने पहचान के लिए दिल्ली, गाजियाबाद के थानों में भी महिला के फोटो भेजे थे।

पुलिस के मुताबिक, बिहार के जिला मधुबनी के परमेश्वर शाह ने 16 सितंबर को महिला के शव की पहचान अपनी बेटी ममता के रूप में की थी। पुलिस ने महिला के मोबाइल नंबर की अंतिम लोकेशन और सीडीआर निकलवाई। कॉल डिटेल के आधार पर दिल्ली के दल्लूपुरा में रहने वाले हरखू राम उर्फ दीपक की भूमिका संदिग्ध मिली। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और हत्या का कारण भी बता दिया। पूछताछ में उसने बताया कि दोनों नोएडा की एक फैक्टरी में काम करते थे। नजदीकी बढ़ने पर प्रेम संबंध हो गए थे। ममता भी शादीशुदा थी, लेकिन उसका तलाक हो चुका था। वह हरखू राम पर अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर शादी करने का दबाव बना रही थी। ऐसा करने से मना करने पर पुलिस से शिकायत करने और बदनाम करने की धमकी दे रही थी। इसको लेकर आरोपी परेशान चल रहा था।

# तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**कुल 150 शिकायतें दर्ज, 10 का मौके पर ही किया गया निस्तारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 150 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशानुसार दादरी तहसील में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान 95 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 07 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार दादरी अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार प्रीति बालियान, प्रज्ञा सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 07 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

इसी क्रम में जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 48 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम:योगी

## मिशन शक्ति-5.0 का हुआ शुभारंभ, कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने देखा लाइव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन शक्ति पंचम चरण अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया, जिसमें विधायक छपरौली डा.अजय कुमार और जिलाधिकारी अस्मिता लाल सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने लखनऊ के लोकभवन से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के परिणाम प्रदेश की महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्त नेतृत्व में दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में पुलिस और शिक्षा विभाग में हुई भर्तियों में महिलाओं को विशेष अवसर प्रदान किए गए हैं। मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत हर थाने में महिला हेल्पडेस्क और मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें महिला बीट की पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगी। इन मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन संबंधी निर्देशिका की पुस्तिकाओं का भी विमोचन आज लखनऊ में किया गया। इसके साथ ही सभी महिला हेल्पलाइन सेवाओं का एकीकरण किया गया है। अब महिलाएं किसी भी समय 1090/181/112, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिला एवं शिशु हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस, और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर संपर्क कर संपूर्ण सहायता प्राप्त कर सकेंगी। स्वस्थ और सुरक्षित नारी से ही सशक्त परिवार और समाज का निर्माण होता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान जिले भर में महिलाओं के अधिकारों, योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महीनेभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को जनपद और राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। बागपत में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के उपरांत विधायक छपरौली अजय कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान में जन सहभागिता के साथ जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर महिलाओं को अभियान से जोड़ा जाए। वहीं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी स्कूलों, महाविद्यालयों और ग्राम पंचायतों तक पहुँचाई जाए, ताकि महिलाएं और युवा बालिकाएं समय पर सहायता और जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभियान को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जंगल में अवैध पेड़ों की कटाई जारी, वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत के सरोरा गांव के जंगल में अवैध पेड़ों की कटाई का सिलसिला लगातार जारी है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर माफियाओं से मिलीभगत का आरोप लगाया है, जिसके कारण धड़ल्ले से पेड़ों की कटाई हो रही है।

ग्रामीणों ने इस अवैध कटान के पुख्ता सबूत के तौर पर जीपीएस लोकेशन के साथ तस्वीरें और वीडियो बनाए हैं। ये सबूत उन्होंने विभागीय अधिकारियों और जिलाधिकारी को भेजे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो जंगल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरोरा जंगल में पहले भी अवैध कटान के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, हर बार वन विभाग ने केवल खानापूर्ति की, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद होते गए और अब वे खुलेआम पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। इस मामले पर मेरठ के मुख्य वन संरक्षक डा. के. इलांगो ने कहा, यदि ऐसा है तो मामला गंभीर है। इसकी जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मालमाजरा गांव के युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** दादरी गांव के जंगल में खेतों में स्प्रे करते समय मालमाजरा गांव के एक युवक को जहरीले जंतु ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बिनौली सीएचसी पर ले गए। जहां से उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया।

मालमाजरा गांव का युवक संकेत पुत्र सत्यपाल दादरी के जंगल में ईख के खेत में स्प्रे कर रहा था। इसी दौरान उसको किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों से बिनोली अस्पताल में ले गए। जहां से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया।

## 15 दिनों से गांव के सरकारी नलकूप ठप, किसानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिंगोली तगा गांव में पिछले 15 दिनों से दो सरकारी नलकूप खराब है जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए नलकूप चालू कराने की मांग की है।

सिंगोली तगा गांव के सरकारी नलकूप 154 और 33 नम्बर पिछले पंद्रह दिनों से खराब है जिससे किसानों की लगभग 150 बीघा फसल प्रभावित हो रही है। सिंगोली निवासी किसान सीतल ने बताया की नलकूप 154 पिछले एक माह से खराब है जबकि नलकूप नम्बर 33 पन्द्रह दिनों से खराब है जिससे खेतो की सिचाई प्रभावित हो रही धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए नलकूपों को चलवाने की मांग की है। अधिशासी अभियंता नलकूप सुधीर ने बताया कि नलकूप नम्बर 154 का ट्रांसफार्मर फुका हुआ था जिससे आज लगा दिया जायेगा। वही नलकूप नम्बर 33 चालू है। किसानों का आरोप गलत है। प्रर्दशन में आजादवीर, राकेश, सीतल, ओमदत्त, पंकज, निखिल, प्रमोद, रामचन्द्र, मोंटू आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### वोट चोर गद्दी छोड अभियान के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को रामहरी पंवार के नेतृत्व मे वोट चोर गद्दी छोड अभियान के तहत आमजन किसान मजदूर दलित पिछडा अल्पसंख्यक वर्ग के साथ व्रहत स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी रामहरि पवार ने कहा कि जनपद के बड़ौत में दीपावली के अवसर पर एक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उसके लिए नगर के लोग सदस्यता अभियान पर जोर देने का कार्य कार्यालय पर आकर कर रहे हैं। इन सभी की मांगे दीपावली पर पूरी करने का कार्य सदस्यता अभियान चला कर किया जाएगा। इस मौके पर गीता तोमर, रीना तपसुम, अविशा खातुन, जगवती तारावती, जयतून, शबाना, साजिदा, औमवीर, रविन्द्र तोमर, सुभाष शर्मा, पप्पू कश्यप, औकार दत्त आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलने का काम करती है। आज के टाइम में अब लोगों का हित कांग्रेस पार्टी की तरफ होता जा रहा है।

### महिलाओं को हर स्तर पर मिलेगी सुरक्षा:सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के संरक्षण और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे, जिससे महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षा और सशक्तिकरण मिलेगा। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा बेटी के जन्म से लेकर शिक्षा, विवाह और सामाजिक कल्याण तक महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटियों को जन्म, टीकाकरण, शिक्षा, उच्च शिक्षा और विवाह के महत्वपूर्ण पड़ाव पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे अब तक प्रदेश की 26 लाख से अधिक बेटियों को लाभ मिला है। कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख रुपये की धनराशि भी दी जा रही है। साथ ही, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान और उज्ज्वला योजना के तहत शौचालय निर्माण और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने से महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा महिलाओं को भू अभिलेख वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से संपत्ति में अधिकार और आत्मनिर्भरता प्राप्त हो रही है। बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी जैसी पहलों से महिलाओं को वित्तीय समावेश और विकास में भागीदारी का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मिशन शक्ति पंचम चरण का उद्देश्य सशक्त नारी-समर्थ प्रदेश है, जो पूरे एक माह तक मनाया जाएगा।

### सभी सदस्य स्वस्थ भोजन को दे महत्व:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को काठा गांव में विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से पुरुषों की भूमिका को पोषण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण में रेखांकित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरुष भी अपनी भूमिका निभाए एवं परिवार के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करे जिसके लिए पोषणयुक्त आहार को खानपान में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया गया। संगोष्ठी में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उपस्थित नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि पोषण केवल महिलाओं और बच्चों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि पुरुष भी अपने परिवार के पोषण सुधार के लिए सक्रिय योगदान दे सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरुषों का महिलाओं और बच्चों के पोषण में कई तरीकों से योगदान हो सकता है जैसे परिवार के लिए पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना, घर के काम में हाथ बंटाना जिससे महिलाओं को बच्चों की देखभाल के लिए अधिक समय मिले और परिवार में पोषण संबंधी शिक्षा को बढ़ावा देना ताकि सभी सदस्य स्वस्थ भोजन को महत्व दें। इस दौरान प्रिंशा और सुषमा का अन्नप्राशन भी हुआ जिसमें दोनों बालिकाओं को पहली बार ठोस आहार प्रदान किया गया और उनके शारीरिक स्वास्थ्य, वृद्धि और पोषण पर विशेष ध्यान दिया गया।

## हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्तओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन दिया।



एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिमी यूपी के लोगों को इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रयागराज जाने के लिए 500 से 850 किमी तक की यात्रा करनी पड़ती है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों को पैसों और शारीरिक तौर पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जो उनके न्याय के अधिकार का उल्लंघन है। पश्चिमी यूपी के यह क्षेत्र दशकों से न्यायिक सेवाओं की कमी झेल रहा है। अधिवक्ताओ का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 50 सालों से चली आ रही इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया है। अधिवक्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, जिसमें पश्चिमी यूपी में बेंच स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह ज्ञापन इस दशक पुरानी मांग को न्यायिक अन्याय बताते हुए, पूर्वी यूपी और लखनऊ को बेंच मिलने के बावजूद पश्चिमी यूपी को वंचित रखने पर रोष व्यक्त करता है। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज सिंह व महामंत्री कल्याण सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें केपी यादव, संजय पंवार, उमेश चौहान, अमित राणा, परवेश दीक्षित, युदवीर यादव आदि मौजूद रहे।

## जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक धरना रहेगा जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टीकरी।** कस्बे में श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में स्थानीय लोगों का धरना चौथे दिन भी जारी है। कस्बावासियों ने श्मशान घाट के अंदर ही टैंट लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि श्मशान घाट की भूमि से कब्जा हटाने के आधिकारिक आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने दो दिन बाद भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि प्रदेश सरकार भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का दावा कर रही है। लेकिन टीकरी के श्मशान घाट को अभी तक कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, धरना जारी रहेगा। धरने में विनोद राठी, सुभाष प्रजापति, कृष्णपाल, धर्मवीर कश्यप, वीरपाल, जसवीर, सुधीर, बिल्लू, विकास राठी, राहुल, मनोज और विक्रम आजाद सहित कई लोग मौजूद हैं।

## विद्यार्थियों को कराए आत्मसुरक्षा व योगासनों के अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में संस्कृत गुरुकुल लाक्षागृह बरनावा के तत्वावधान में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर के पांचवें दिन शनिवार को प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को आत्मसुरक्षा के साथ योगासनों के अभ्यास कराए।



योग प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय आर्यवीर दल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह आर्य, सोनिका आर्य व काजल आर्य ने विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक शक्ति, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। प्रबंधक डा.अनिल आर्य ने कहा कि आत्मरक्षा और योग, दोनों ही जीवन के अनिवार्य अंग हैं। यह न केवल विद्यार्थियों को स्वस्थ और सशक्त बनाते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन और आत्मनिर्भरता की भावना भी उत्पन्न करते हैं। प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डा.सुशील वत्स ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें इन क्रियाओं को अपनी दिनचर्या में शमिल करने के लिए प्रेरित किया।

## सीबीएसई की कार्यशाला में शिक्षकों को सिखाएं गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल बिनौली में शनिवार को सीबीएसई द्वारा माता-पिता को शिक्षा के विषय में जानकारी देना एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें शिक्षकों को माता पिता को बच्चों के विकास और प्रभावी पालन-पोषण व तकनीकों पर सूचित करना और उनका मार्गदर्शन करने के बारे में विशेषज्ञों ने टिप्स दिए।



कार्यशाला में सीबीएसई ट्रेनर्स अनुराधा मिश्रा व पूजा शर्मा ने अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम, बच्चों की शिक्षा में माता पिता की भागीदारी व अभिभावकीय सहभागिता के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर ने बताया कि यह प्रशिक्षण माता-पिता को सशक्त बनाता है और उन्हें शिक्षा प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्रधानाचार्य मीनू सिरोही ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य अभिभावकों को बदलते शैक्षिक परिवेश, नई शिक्षण पद्धतियों तथा बच्चों की समग्र प्रगति के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण से जोड़ना है। कार्यशाला में चेयरमैन यतेश चौधरी, अनुभव पूनिया, गौरव धामा, लवली त्यागी, जावेद मिर्ज़ा, अबुज़र, इसरत, निकिता मलिक, नीलम मान आदि मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम बागपत।

विभिन्न वाद्य संख्या-15 सन् 2025

श्रीमति कमलेश पत्नी स्व.धर्मपाल निवासी ग्राम रसूलपुर सांकल पुट्टी तहसील व जिला बागपत।, ..प्रार्थीनी, बनाम, 1.विपिन डागर पुत्र स्व.धर्मपाल निवासी ग्राम रसूलपुर सांकल पुट्टी तहसील व जिला बागपत।, 2.श्रीमति अनीता पुत्री स्व.धर्मपाल पत्नी देशपाल निवासी ग्राम हिलवाडी तहसील बडौत जिला बागपत।, 3.श्रीमति बबीता पुत्री स्व. धर्मपाल पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा तहसील खतौली जिला मु.नगर।, 4.श्रीमति संगीता पुत्री स्व. धर्मपाल पत्नी उम्मेद सौलंकी निवासी सेक्टर 13 थानेसर कुरूक्षेत्र हरियाणा प्रदेश 5.श्रीमति अमरीता पुत्री स्व.धर्मपाल पत्नी लोकेश कुमार निवासी नंगला तासी कंकरखेडा तहसील व जिला मेरठ।, ...विपक्षीगण, जैसा कि उपरोक्त वाद वादनी ने आप विपक्षीगण के विरूद्ध मान्य न्यायालय में मृतक धर्मपाल पुत्र अमन सिंह केनरा बैंक पिलाना जिला बागपत में जमा धनराशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाने हेतु योजित किया है। लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्वत दरखास्त वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु उजर हो असालतन या वकालतन समय 10 बजे दिनांक 22.09.2025 को अदालत सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम बागपत में उपस्थित होकर उजर पेश करे और दरसूरत इन्कायज तारीख मंजकूर के फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म दरखास्त मजकूर के सादर होगा।

आदेशतः, मुन्सरिम, सिविल जज जूनियर डिवीजन, प्रथम बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सूहैल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

उस्मान पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम लथवाडी तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे मुवक्किल विनोद कुमार पुत्र राजपाल निवासी बालाजी कालोनी हकीकत नगर, जिला करनाल हरियाणा।

अपने पुत्र करण को उसके गलत चाल-चलन व अचरण के कारण अपने समस्त सम्बन्धो व चल-अचल समपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य व लेन देन का स्वंय जिम्मेदार होगा।

..प्रिया काकरन, एडवोकेट, चैंबर नंबर104, प्रथम तल, सी.एस.जोशेप ब्लॉक, तीस हजारी, न्यायालय दिल्ली-54, मोबाइल नं. 9718424640, 8750209744

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तीनो तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 90 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैंप भी लगाया जाता है, जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड, आयुष्मान, आवास आदि संबंधित विभागों के स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर एसडीएम खेकड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## यमुना नदी के कटान से 500 किसानों की 3000बीघा जमीन जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के मलकपुर गांव निवासी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान सुभाष तोमर समेत 500किसानों की लगभग 3000 हजार बीघा जमीन का कटान होने के कारण किसानों की गन्ने की खड़ी फसल यमुना में समा गई। इससे किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया। यमुना में कटान होने से जागोस, शबगा और ककौरकलां समेत अन्य किसानों की 1500 बीघा जमीन यमुना में जाने से किसान पूरी तरह बर्बाद हो गए। अब उनके सामने भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। लगातार यमुना नदी में हो रहे कटान से शबगा जागौश गांव के किसान भी भयभीत होते जा रहे है। शाह टाइम्स की टीम यमुना नदी पर पहुंची वहां पर शबगा गांव के किसानों से रूबरू हुई। गांव के किसानों ने बताया की यमुना नदी में बाढ़ आ गई थी। दो सप्ताह से अधिक समय तक यमुना नदी में बाढ़ के हालात बने रहे और यमुना किनारे आसपास के गांवों में भी यमुना का पानी पहुंच गया था। इस दौरान यमुना किनारे खेती की जमीन में बड़े स्तर पर मिट्टी का कटान हुआ। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान जागोस, ककौरकलां, शबगा गांव में हुआ, जहां 228 किसानों की 1500 बीघा से अधिक खेती की जमीन यमुना नदी में समा गई। इसमें 32 बीघा जमीन ओलंपियन पहलवान सुभाष तोमर की भी शामिल है। पहलवान सुभाष तोमर ने बताया कि उन्होंने करीब पांच साल पहले जागोस गांव में 32 बीघा जमीन खरीदी थी। बाढ़ के दौरान कटान होने से उनकी सारी जमीन यमुना में समा गई। शबगा गांव के धर्मेंद्र पवार। ओम प्रकाश चौधरी जागौश गांव के किसान सोमदत्त त्यागी व मास्टर सुनील त्यागी यमुना नदी के कटान के बारे में जानकारी दे रहे थे।



# फलावदा में मजारें खंडित करने वालों की जल्द हो गिरफ्तारीः अतुल प्रधान

## बीते दिनों शरारती तत्वों ने बलवल शाह व उनके अनुयायियों की तोड़ दी थी मजार

■ सरधना विधायक ने एसएसपी को दी घटना की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलवादा।** विगत दिनों कस्बे व क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से शरारती तत्वों ने कलावडा मार्ग पर बलवल शाह व उनके आधा दर्जन अनुयायियों के मजार तोड़ दिए थे जिसमें कस्बे व क्षेत्रवासियों नें काफी हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों के आश्वासन पर कब्रिस्तान के जिम्मेदार लोगों ने लगभग आधा दर्जन मजारों की मरम्मत करायी। परंतु आज तक पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम साबित हुई है। पुलिस का मुखबिर तंत्र लगभग फेल हो चुका है। शनिवार सुबह सरधना विधायक अतुल प्रधान व सैयद मुहम्मद ईसा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिला। सरधना विधायक ने कहा कि ऐसे शरारती तत्वों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजना चाहिए अन्यथा यह क्षेत्र में कोई भी घटना



करा सकते हैं। जिस वजह से क्षेत्र का माहौल खराब हो सकता है। एसएसपी विपिन ताडा ने कहा कि कोई भी अपराधी या षड्यंत्रकारी बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर मोहित तोमर, साबिर सभासद, अबरार अहमद, सनव्वर व वकील आदि मौजूद रहे।

## महिला के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानीखुर्द।** तीन दिन पूर्व जानी गंगनहर पुल के पास मुस्लिम महिला का शव जंगल में मिला था जहा हत्या की आशंका जताई गई थी तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने जाच पड़ताल की। महिला के गले में चोट के निशान थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और पुलिस ने महिला की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने अन्य जिलों में भी काफी प्रयास किया। शनिवार को कस्बा सिवालखास के ग्रामीणों ने महिला के शव को सुपुर्द ए खाक किया है। पुलिस लगातार इस केस की छानबीन में जुटी है। वहीं पुलिस ने मुखबिर तंत्र को भी महिला की शिनाख्त के लिए लगाया है।

# भैंसाली मैदान से निकली शिवजी की बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को शिवजी की बारात सदर स्थित अयोध्या पुरी भैंसाली मैदान से निकाली गई। जिसमें संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रदेशों से बैंड व झांकी शामिल हुई। इस दौरान वरुण अग्रवाल, नीरज मित्तल, डॉ. संजय जैन बारात के मुख्य संयोजक अभिनव मित्तल, सचिन कंसल, मनीष जायसवाल, प्रयांक जैन, शिखेन गोयल, निशांत गर्ग, प्रिंस सोनकर सहसंयोजक शेंकी गोयल, निशांत अग्रवाल, राघव गर्ग, जयंत मोहर आदि रहे।

रामलीला कमेटी मेरठ छावनी के महामंत्री गणेश अग्रवाल ने बताया शोभायात्रा में कुल 6 बैंड कुल 20 झांकी भव्य बारात में शामिल रहे ऑपरेशन सिंदूर की झांकी ने सभी भक्तो का मन मोह लिया। डीजे, ढोल व लाइट के साथ बरात निकाली गई। संस्था के सभी पदाधिकारी, सदस्य व



सहयोगी भगवान शिव जी के गण के रूप में बारात में शामिल हुए। भगवान आशुतोष की भव्य बारात अयोध्या पुरी भैंसाली मैदान से प्रारंभ होकर स्वराज पथ दालमंडी बैंकर्स स्ट्रीट पुलिस स्ट्रीट सराफा बाजार सदर बाजार शिव चौक मुंबई बाजार तेली मोहल्ला कबाड़ी बाजार गंज बाजार होते हुए अयोध्यापुरी भेंसाली मैदान पर संपन्न हुई। श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री गणेश अग्रवाल ने बताया कल रात्रि 8 बजे से भव्य लीला का मंचन अयोध्या पुरी भैंसाली मैदान में होगा। भगवान शिव आशुतोष की भव्य बारात प्रारंभ होने से पूर्व पुरोहित नंदकिशोर शर्मा वी हरीश चंद्र जोशी जी ने बाबा का विधि विधान से पूजन किया। कार्यक्रम में अनिल जैन, विवेक रस्तोगी, पवन गर्ग, विजय गोयल आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त एसपी देहात ने कस्बे का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नवनियुक्त एसपी देहात अभिजीत कुमार ने शनिवार को लावड़ कस्बे का दौरा किया। उन्होंने रामलीला मैदान समेत कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। कस्बे की भीड़भाड़ वाली गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान कस्बे के लोग भी उनसे



मिले और अपनी समस्याएं रखीं। एसपी ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। वहीं इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी व लावड़ चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। एसपी ने वहां मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कस्बे व क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार गश्त और चौकसी की जाए।

## कल से होगा प्राइम मेंबर्स के लिए ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस फेस्टिव सीजन में, अमेजॅन प्राइम मेंबर्स के लिए अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान शानदार मूल्य, सुविधा और आनंद प्रदान करने के लिए कई लाभों के साथ उत्सवों को और भी मजेदार बना रहा है। 22 सितंबर से 24 घंटे पहले एक्सेस के साथ, सदस्य प्राइम फेस्टिव ऑफर्स को एक्सेस कर पाएंगे, जिसमें स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपकरणों फैशन, होम एवं किचन, ब्यूटी और अन्य श्रेणियों में मौजूदा फेस्टिव डील्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट शामिल है। अमेजन प्राइम इंडिया के डायरेक्टर और हेड, अभिनव अग्रवाल ने कहा उत्सव मनाने के साथ प्रियजनों को उपहार देने का सही समय है।

# मार्ग चौड़ीकरण के लिए ग्रामीणों की हुई पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्र के गांव मन्दवाड़ी गांव में स्थित सुशील गुर्जर के आवास पर शनिवार को किसान मजदूर मोर्चा के तत्वाधान में एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की पंचायत आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता चौधरी जितेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मजदूर मोर्चा और संचालन करणवीर प्रधान पिपलहेडा ने किया है। इस संबंध में 16 गांव के लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी के नाम दिया गया।

जिसमें सभी वक्ताओं ने कहा कि फलावदा से मन्दवाड़ी गांव में होते हुए जिला मेरठ की सीमा को मुजफ्फरनगर और हरिद्वार से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चल रहा है। लेकिन मन्दवाड़ी गांव में



मुख्य मार्ग किनारो पर गांव के कुछ लोगों ने अतिक्रमण करके मार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। जिस कारण इस मार्ग से गुजरने वाली प्राइवेट बस, रोडवेज बसें भारी वाहनों का संचालन बंद पड़ा है। जिससे गांव सहित आसपास के गांव के लोगों को बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह आदि वक्ताओं ने गांव के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर रखा है वह अतिक्रमण को हटाकर मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण कराने में अधिकारियों का सहयोग करें। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने से गांव विकास की और अग्रसर होगा और रोडवेज बसों का संचालन शुरू हो जायेगा। जिससे करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाने व लोगों को परिवहन की सुविधा मिल जाएगी। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ो वाहनों के अलावा एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगों का इस मार्ग से आवागमन होता है। मार्ग अवरुद्ध होने से जल भराव और गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं से लोग घायल हो रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता सैयद रेहानुद्दीन, पूर्व प्रधान पवन गुर्जर, रामपाल मोतला, किसान नेता मोनू पवार, वीरेंद्र खारी, राजपाल सिंह, विवेक प्रधान, राजेंद्र प्रधान, सुभाष प्रधान, बृजेश प्रधान, संतरपाल आर्य, वीरेंद्र, अवनीश, भोपाल सिंह, रामकरण, रणवीर सिंह, प्रवीण प्रधान, ऋषि पाल, बलेराम मास्टर, आदि क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## सुभारती विवि में बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विवि में हाल ही में विभिन्न बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें एक ओर जहां स्वामी विवेकानन्द के शिकागो भाषण की 132वीं जयंती मनाई गई, वहीं दूसरी ओर नवागंतुक छात्रों का फ्रेशर्स फ्रेन्जी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इन आयोजनों ने विश्व. विद्यालय के शैक्षिक और सांस्कृतिक लोकाचार को प्रदर्शित करते हुए छात्रों को राष्ट्र निर्माण और व्यक्तिगत विकास के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानन्द के शिक. ागो भाषण की जयंती पर हुई ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं व चर्चा 11 को स्वामी विवेकानन्द अनुसंधान पीठ एवं विभिन्न महाविद्यालयों की शिक्षाओं को समर्पित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# भविष्य की ओर एक कदम थीम पर वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में भविष्य की ओर एक कदम थीम पर वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एसआरजी विज्ञान एवं विज्ञान क्लब नोडल रुचिरा चंदेल और गणित क्लब नोडल रेनू सिंह के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रस्तुत की। इनमें हिंदी की मंजू शर्मा, विज्ञान की रुचिरा चंदेल, गणित की रेनू सिंह और सामा. जिक विज्ञान की सोनिया सिंह शामिल रहीं। राजकीय हाई स्कूल बहरोड़ा के प्रधान अध्यापक रवि प्रकाश ने प्रदर्शनी का उद्घाटन



किया। छात्राओं ने सौर ऊर्जा उपकरण, जल संरक्षण तकनीक, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट सिटी पर भी काम प्रदर्शित किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज की गणित लेक्चरर रीना भटनागर और राजकीय इंटर कॉलेज मेरठ की रसायन विज्ञान लेक्चरर विद्योतमा शर्मा ने प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट्स के विजेता प्रथम स्थान कक्षा 9 वीं की छात्र अल्फिया, द्वितीय स्थान कक्षा 10 वीं की छात्रा सायमा व सुनुबिया, तृतीय स्थान कक्षा 11 वीं की छात्रा शीबा को विद्यालय के प्रधानाचार्या कुसुम लता व कॉलेज स्टाफ ने उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई दी।

## फ्लिपकार्ट ने दोपहिया वाहनों के लिए डिजिटल फर्स्ट किफायत एवं सुगमता को बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज की तैयारियों के बीच पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बड़ी रेंज उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीद के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में वैरायटी, किफायत, भरोसा एवं 24 घंटे सपोर्ट के साथ फ्लिपकार्ट टू व्हीलर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। सुजीत अगाशे ने कहा दोपहिया वाहन खरीदना कई लोगों के लिए बड़ा फैसला होता है।

# सरधना में निकाली पंच गजरथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को नगर में एतिहासिक धर्मनगरी सरधना में हो रही 25 समोशरण के माध्यम से सिद्धों की महाअराधना का समापन एवं पंच गजरथ महामहोत्सव बड़े धूमधाम के साथ विद्योदय निलय पाण्डुक शीला रोड से आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 निश्चिंत सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी देहात रहे।

पंच गजरथ रथयात्रा महोत्सव पाण्डुक शीला रोड से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न स्थानों पर गंज बाजार बिनौली रोड कबाड़ी बाजार राम तलैया चौक बाजार गुजरात गेट गांधी नगर होते हुए विद्योदय निलय के प्रांगण में संपूर्ण हुई। पंच गजरथ रथयात्रा महोत्सव नगर में बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई जैन



श्रद्धालु ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। जिसमें प्रथम रथ की संपूर्ण बोली का सौभाग्य पंकज जैन नेताजी परिवार द्वितीय रथ का सौभाग्य अनिल जैन चिराग रेडीमेड तृतीय रथ का सौभाग्य कुणाल जैन चौक बाजार चतुर्थ रथ का सौभाग्य मंगल सैन जैन शांति पुस्तक भंडार व पंचम रथ की संपूर्ण बोली का सौभाग्य सुरेंद्र जैन दीपक जैन बर्तन परिवार वालों को प्राप्त हुआ जिसमें झंडा बैनर नपीरी घोड़े पांच रथ 25 बग्घी डीजे ढोल पार्टी झांकियां आस्तिक म्यूजिकल पार्टी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर पंकज जैन, सौरभ जैन, अनिल जैन, अनुज जैन, योगेश जैन, कमल जैन, कुणाल जैन, राजीव जैन, विनोद जैन, ऋषभ जैन, अंकुश जैन, अरिहंत जैन, नमन जैन, अनिल जैन, मुकेश जैन, संयम जैन, शुभम जैन, वैभव जैन एवं काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सरधना नगर पालिका ने कराया सेंट जेवियर्स स्कूल रोड का निर्माण शुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल रोड का निर्माण कार्य आखिरकार शनिवार को शुरू हो गया। इस सड़क के शुभारम्भ कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्य का शुभारम्भ किया। इस मौके पर ठाकुर प्रीतिश कुमार, चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी, सभासद शाहिद मलिक, नसीम गुज्जर व ललित गुज्जर, आबिद अंसारी, शाहवेज अंसारी, ठेकेदार सैलेंद्र गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बरसात के दिनों में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गई थी। स्कूल जाने वाले बच्चों के वाहन अक्सर फंस जाते थे, वहीं स्थानीय निवासियों को भी आवागमन में भारी





दिक्कत का सामना करना पड़ता था। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने कई बार पालिका प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की थी। पालिका अध्यक्ष सबीला बेगम और अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता में शामिल किया। और निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्रवासियों, अभिभावकों और स्कूली बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

## मिंत्रा ने अपने प्रमुख आयोजन बिग फैशन फेस्टिवल की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जैसे ही भारत में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो रही है, मिंत्रा जो देश के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्लेटफार्म्स में से एक है ने अपने प्रमुख आयोजन बिग फैशन फेस्टिवल की घोषणा की है। यह उत्सव फैशन और आत्म अभिव्यक्ति का एक भव्य जश्न है, जो अब लाइव हो चुका है। इस साल के संस्करण में 15,000 से अधिक ब्रांड्स की 40 लाख से ज्यादा स्टाइल्स शामिल होंगी, जिनमें अंत. रराष्ट्रीय, घरेलू, स्थानीय और डी2सी ब्रांड्स शामिल हैं। यह कलेक्शन फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल की विविधता को दर्शाता है, जो देशभर के मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों के लाखों ग्राहकों को आकर्षित करेगा।

# राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दौराला मसूरी रोड पर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में दो दिवसीय एथलेटिक्स क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शनिवार को दूसरे दिन राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का भी नाम रोशन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि दो दिवसीय एथलेटिक्स क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शनिवार को उनके कॉलेज की छात्राओं आयुषी द्वितीय, तनु लंबी, ऊंची कूद प्रथम, दीपाली 3 हजार मि. दौड़ प्रथम, आरुषि ऊंची कूद प्रथम, रश्मि 2 सौ मीटर द्वितीय, शिवानी ऊंची कूद द्वितीय, अवनी



डिस्कस प्रथम, शगुन प्रथम, रिया प्रथम, सोफिया 15 सौ मीटर प्रथम, सोफिया 100 मीटर वाघा दौड़ द्वितीय, दीपाली द्वितीय, साक्षी 600 मीटर तृतीय, शगुन गोला फेंक प्रथम, अवनी प्रथम, वंशिका प्रथम, रिया 400 मीटर तृतीय, प्रेरणा 3 किमी वॉक में तृतीय स्थान प्राप्त कर धमाल मचाया। सुनीता भारती ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होने से छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र- छात्राओं को प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिल पाता इसलिए ऐसी प्रतियोगिताओं से ही उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कुमकुम, बीना कंसल, अंकिता शर्मा, ललिता रानी, ममता यादव, ममता कश्यप, प्राची, सोनिया, रंजना, सहित समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## कार्डियक सर्जरी CTVS ओपीडी सेवाएं हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संतोष हॉस्पिटल में विशेष कार्डियक सर्जरी CTVS ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मैक्स ने की है। इस अवसर पर कार्डियक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. (ब्रिगेडियर) जी.एस. नागी और संतोष हॉस्पिटल, के कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। डॉ. जी.एस. नागी प्रत्येक माह के पहले और तीसरे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। लॉन्च के अवसर पर जी.एस. नागी ने कहा, भारत में हार्ट डिसीजेज का बोझ काफी अधिक है और ये मौत का प्रमुख कारण बने हुए हैं। यहां बीमारियां कम उम्र में शुरू हो जाती हैं और मौत का खतरा भी ज्यादा रहता है। मरीजों को जानकारी की कमी और सुविधाओं की कमी के कारण सही इलाज के लिए भटकना पड़ता है। इस ओपीडी का उद्देश्य समुदाय तक पहुंचना है।





## अधिवक्ताओं के प्रदर्शन में बेगमपुल जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मेरठ बार व जिला बार एसोसिएशन की संयुक्त प्रदर्शन बेगमपुल पर हुआ। जिसमें अधिवक्ताओं की मांग थी कि पश्चिम में जल्द हाईकोर्ट बैंच मिले। इस दौरान व्यापारी कांग्रेस सपा व अन्य दलो ने उनका समर्थन किया है। चौराहे पर मानव श्रृंखला के दौरान चारों ओर के रास्तो पर जाम लग गया। जाम में खड़े लोग भी अधिवक्ताओं की मांग को जायज बता रहे थे।

# नवरात्र व दशहरे पर मेरठ रेंज की सुरक्षा के लिए 4699 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनातः डीआईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी नवरात्र 22 सितंबर से और दशहरा 2 अक्टूबर को देखते हुए मेरठ परिक्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी के निर्देश पर मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ जिले में कुल 4699 पुलिसकर्मियों को डयूटी पर लगाया गया है।

सुरक्षा ड्यूटी में 7 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, 92 निरीक्षक, 705 उपनिरीक्षक, 1370 मुख्य आरक्षी, 1645 आरक्षी, 855 होमगार्ड पीआरडी और दो कंपनी पीएसी



तैनात की जाएंगी। चारों जिलों में कुल 347 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इनमें मेरठ की 51, बुलंदशहर की 208, बागपत की 36 और हापुड़ की 52 शोभायात्राएं शामिल होंगी। वहीं, कुल 26 प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। रेंज में 102 रामलीला मंचन और 110 रावण दहन प्रस्तावित हैं। सिर्फ मेरठ जिले में ही 31 रामलीला और 32 रावण दहन होंगे।

### डीआईजी नैथानी ने यह दिये दिशा-निर्देश

डीआईजी ने आदेश दिए हैं कि जुलूस मार्ग, रामलीला स्थल और प्रतिमा विसर्जन स्थलों का पहले ही निरीक्षण कर संभावित विवादों का समाधान किया जाए। बिजली व आगजनी से बचाव के लिए विद्युत और अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय बनाया जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन और मोबाइल बैरियर की व्यवस्था हो। रावण दहन स्थलों पर क्षमता से अधिक भीड़ न जुटने दी जाए। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, रोशनी और गोताखोरों की व्यवस्था अनिवार्य होगी। मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम तैनात कर महिला सुरक्षा की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

### अफवाह फैलाने वालो पर रहेगी पुलिस की नजर

अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी कला. निधि नैथानी ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की व्यवस्था है।

### 109 स्थानों पर क्यूआरटी तैनात

कुल 109 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इसके लिए 24 जोन, 81 सेक्टर और 61 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) तैनात की गई हैं। पुलिस अब तक आयोजकों, धर्मगुरुओं और शांति समितियों के साथ 123 तथा अन्य विभागों के साथ 113 बैठकें कर चुकी है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने निपटाए 74.72 करोड़ के दावे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अप्रैल से जून 2025 की अवधि के लिए 99.60 प्रतिशत के दावा निपटान अनुपात की घोषणा की, जो उद्योग में उच्चतम स्तर है। उल्लेखनीय है कि बिना जांच-पड़ताल वाले मृत्यु दावे (डेथ क्लेम) के निपटान का औसत समय केवल 1.1 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, अमीश बैंकर ने कहा, दावों के निपटान से ही स्पष्ट होता है कि कंपनी ने जो वादा किया है वह सही है या नहीं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में, हर दावे को गंभीरता से लिया जाता है और प्रक्रिया तेज की जाती है। जिससे ग्राहक को कोई परेशानी न हो।

# भारत को पाक के पलटवार से सतर्क रहना होगा




● यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है, यह एक उत्सव एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी

**दुबई, वार्ता।** सट्टेबाजों ने रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारत की जीत की संभावना लगभग 80 प्रतिशत बताई है, लेकिन क्रिकेट, जिंदगी की तरह, शानदार अनिश्चितताओं से भरा है। और पाकिस्तान का चंचल स्वभाव उसे गन्ने के खेत में कोबरा जितना खतरनाक बनाता है। यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह एक उत्सव है, एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी। टिकट किसी पंजाबी शादी में जलेबियों से भी तेज़ी से गायब हो गए, और खचाखच भरे घर में हर रन, विकेट और मिसफील्ड का शोर मचने की उम्मीद है। दुनिया भर में लाखों लोग स्क्रीन से चिपके रहेंगे, उस जादुई पल का इंतज़ार करेंगे जो सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबले में ही मिल सकता है। भारत पूरी ताकत से, अपराजित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था, और उनकी बल्लेबाज़ी किसी नदी की तरह बह रही है। शुभमन गिल टीम को संभाले रखने वाले बांध की तरह हैं, सूर्यकुमार यादव आसमान को रोशन करने वाले वज्र की तरह हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ऊपरी क्रम में आतिशबाज़ी करते हैं। संजू सैमसन स्टंप के पीछे और मध्य क्रम में विश्वसनीयता लाते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या किसी भी विपक्षी टीम की कमर तोड़ने वाला हथौड़ा हैं। गेंद से, भारत किसी सर्जन की छुरी की तरह तेज नजर आता है। कुलदीप यादव धैर्यवान मकड़ी की तरह जाल बुनते हैं, वरुण चक्रवर्ती हवा से करतब दिखाने वाले जादूगर हैं, और अक्षर पटेल टीम को अंतिम रूप देते हैं। फिर जसप्रीत बुमराह हैं तेज गेंदबाज़ी के रोल्स रॉयस, जो यॉर्कर तीर की तरह सीधे विपक्षी टीम के दिलों में दागने के लिए तैयार हैं। इस बीच, पाकिस्तान इस मुक.ाबले में असली चॉकलेट का डिब्बा है: आपको कभी नहीं पता होता कि आपको क्या मिलने वाला है। उन्होंने यूएई को 41 रनों से हरा दिया, उनका शीर्ष क्रम पुराने ट्रैक्टर की तरह लड़खड़ाता रहा। फिर भी, फखर ज़मान के शानदार 50 रनों ने दिखाया कि उनकी क्लास कायम है, जबकि कप्तान सलमान आगा और हसन नवाज मध्यक्रम की मजबूती की कुंजी हैं। पिछले मैच में शाहीन अफरीदी का कैमियो रेगिस्तान में बारिश की तरह अप्रत्याशित था, और मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज अंत में पासा पलटने में सक्षम हैं। उनकी गें.दबाजी, हमेशा की तरह, उनका गौरव और तलवार है। नई गेंद के साथ अफरीदी और हारिस रऊफ आग उगल सकते हैं।

| भारत की संभावित एकादश | पाक की संभावित एकादश |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती | साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद |

## पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी

## भारत-पाक मैच में फिर रेफरी होंगे एंडी पायक्राफ्टः आईसीसी



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुक.ाबले के लिए एंडी पायक्राफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्राफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है। एंडी पायक्राफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।

बता दें कि, कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कान्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा कि पायक्राफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कान्फ्रेंस रद्द कर दी है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले के बाद सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाया था। ऐसा ही टॉस के दौरान भी हुआ था। भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब ड्रामा किया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को यूएई के खिलाफ मैच से हटाने के लिए दो मेल किए। हालांकि, खेल की वैश्विक संस्था ने उनकी दोनों मांगे खारिज कर दीं। आईसीसी के जवाब से नाखुश पाकिस्तान ने फिर ड्रामा किया और यूएई से उनका मैच करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। यूएई के खिलाफ मुकाबला शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की और बताया कि पायक्राफ्ट ने माफी मांगी है। आईसीसी ने पीसीबी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि पायक्राफ्ट ने खेल भावना का उल्लंघन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह केवल एक संदेशवाहक थे जिन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के नामित स्थल प्रबंधक से मिले संदेश को आगे बढ़ाया। पायक्राफ्ट केवल संदेश आगे बढ़ा सकते थे क्योंकि मैच शुरू होने में कुछ ही मिनट बचे थे। बाद में आईसीसी ने पायक्राफ्ट और पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के बीच एक बैठक आयोजित की जहां रेफरी ने कहा कि उन्हें गलत सूचना के लिए खेद है। इसके बाद आईसीसी ने एक अन्य ईमेल में स्पष्ट किया कि पायक्राफ्ट ने कभी भी माफी नहीं मांगी थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओलंपियन गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया

**जालंधर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का गौरव और ओलंपियन खिलाड़ी गुरजीत कौर ने शनिवार को सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर के उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए अकादमी का दौरा किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अकादमी के सीईओ इकबाल सिंह संधू ने ओलंपियन खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया और उन्हें अकादमी के खिलाड़ियों और कोचों से मिलवाया। इस दौरान गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाली गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को दिया 413 रनों का लक्ष्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेथ मूनी (138 ) की शतकीय, जॉर्जिया वॉल (81) और एलिस पेरी (68) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में भारत को जीत के लिए 413 रनों का लक्ष्य दिया। यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान एलिसा और जॉर्जिया की सलामी जोड़ी ने 43 रन जोड़े। 5वें ओवर में क्रांति गौड़ ने एलिसा हीली18 गेंदों में 30 रन को आउट किया।

# पाक मैच से पहले सूर्या का पूरा ध्यान क्रिकेट पर

**दुबई, वार्ता।** दुबई में एशिया कप लीग मैच में भारत द्वारा पाकिस्तान को हराने और जानबूझकर हाथ मिलाने से बचने के कुछ ही मिनट बाद, सूर्यकुमार यादव खचाखच भरे प्रेस रूम में पहुंचे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर हो रहे शोर से कैसे निपटा, तो उन्होंने कंधे उचका दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें 'पता नहीं' था कि वहां क्या हो रहा है, और फिर उन्होंने आगे कहा कि दुबई पहुंचने पर टीम ने सोच-समझकर फैसला लिया था: ऐप्स डिलीट कर दो, बाहरी शोर को '70-80 प्रतिशत' तक कम कर दो। अब, भारत-पाकिस्तान के एक और मुकाबले की पूर्व संध्या पर, सूर्यकुमार प्रेस के सामने फिर से थे। वही सवाल फिर से आया, इस बार उन सब बातों की याद दिलाते हुए जो तब से हुई थीं। अपना कमरा बंद करो, अपना फोन बंद करो और सो जाओ उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। मुझे लगता है यही सबसे अच्छा है।

फिर उन्होंने समझाया: ष्देखो, यह कहना आसान है, लेकिन कभी-कभी मुश्किल भी होता है क्योंकि आप बहुत सारे दोस्तों से मिलते हैं, आप डिनर पर जाते हैं और आपके आस-पास बहुत सारे खिलाड़ी भी होते हैं जो ये सब देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह बहुत मुश्किल है, लेकिन फिर यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या सुनना चाहते हैं, आप अपने दिमाग में क्या रखना चाहते हैं और आगे बढ़कर अभ्यास सत्र या फिर से खेलना चाहते हैं। लेकिन मैं सभी खिलाड़ियों के साथ बहुत स्पष्ट रहा हूं, मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है, तो यह बहुत जरूरी है, हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा और जो आपके लिए अच्छा है उसे अपनाना होगा। मैं यह नहीं कह रहा कि शोर पूरी तरह बंद कर दो, बल्कि जो तुम्हारे लिए अच्छा है उसे अपनाओ और कोई तुम्हें अच्छी सलाह भी दे सकता है जो खेल में तुम्हारी मदद कर सकती है, जो मैदान पर तुम्हारी मदद कर सकती है। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत जरूरी है और बाकी मुझे लगता है कि हर कोई एक अच्छी जगह पर अच्छा है। यह बात बहुत मायने रखती थी। एक बार फिर, भारत-पाकिस्तान मैच की पूर्व संध्या पर, ध्यान क्रिकेट के अलावा हर जगह भटक गया था। सूर्यकुमार के जवाबों ने इसे वापस खींच लिया। उन्होंने कहा कि पिछली रात मैदान पर भारत ने जो अंतर दिखाया था, वही बातचीत का विषय था। भारत के खिलाफ पिछले मैच के बाद पूरे भारत में जश्न के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने सरलता से कहा कि हम जीत गए, इसलिए वे जश्न मना रहे हैं। मेरा मतलब है, जिस तरह देश हर मैच में हमारा समर्थन करता है, उसी तरह उन्हें इस मैच में भी हमारा समर्थन करना चाहिए। और आज रविवार है, इसलिए मुझे लगता है कि ज़्यादा लोग मैच देखेंगे।




● कहाः मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है तो यह बहुत जरूरी है कि हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने पाक को हराया

**लाहौर, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (नाबाद 171), लौरा वोल्वार्ट(100) और उसके बाद नादिन डी क्लार्क (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित दूसरे वनडे मैच में पाकिस्तान को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न विधि (डीएलएस पद्धति) के तहत 25 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 313 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मुनीबा अली(एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में मसाबाता क्लास ने ओमैमा सोहेल (43) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलिया रियाज (18) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा अमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। क्लो ट्रायोन ने सिदरा अमीन (122) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। नतालिया परवेज ने 60 गेंदों में 73 रन बनाये। रमीन शमीम 12 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 44.4 ओवर में 287 के स्कोर पर सिमट गई।

## ऑस्ट्रेलिया दौराः ज्योति सिंह की अगुवाई में जूनियर महिला टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को ज्योति सिंह की अगुवाई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम 26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में कुल पांच मैच खेलेगी। पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ तथा बाद के दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के साथ होंगे। यह श्रृंखला दिसम्बर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। टीम में देश भर के डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिनका नेतृत्व उनकी कप्तान ज्योति सिंह करेंगी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में जगह बनाई थी। गोलकीपिंग की ज़िम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में, टीम मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी पर निर्भर करेगी। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेइमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, इशिका, सुनीता टोप्पो और अनीशा साहू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगी।

## रोमांचक फाइनल में जेसिका शिल्डर ने चेस जैक्सन को हराकर स्वर्ण पदक जीता

**टोक्यो, वार्ता।** नीदरलैंड की जेसिका शिल्डर ने शनिवार को यहां 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्षीय शिल्डर ने अपने अंतिम प्रयास में 20.29 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर जीत हासिल की, और गत चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका की चेस जैक्सन, जिन्होंने 20-21 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता, को कड़ी टक्कर दी। न्यूजीलैंड की मैडिसन-ली वेशे ने दबाव में अद्भुत संयम दिखाते हुए 20-06 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चीन की अनुभवी गोंग लिजियाओ, जो अपनी नौवीं विश्व चैंपियनशिप खेल रही थीं, 18.96 मीटर के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

## अक्षर को लगी चोट, आज खेलना संदिग्ध




● अक्षर मिड ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्जा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े जिससे उनके सिर में चोट लगी

**अबु धाबी, वार्ता।** अक्षर पटेल पाकिस्तान के खलिाफ रविवार को होने वाले भारत के सुपर फोर मैच में नहीं भी खेल सकते हैं। उन्हें अबु धाबी में ओमान के खलिाफ ग्रुप ए मैच में फील्डिंग करते समय सिर पर चोट लगी थी। अक्षर को 15वें ओवर में यह चोट लगी थी। वह मिड-ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्ज़ा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े, जिससे उनका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद उन्हें सिर और गर्दन को पकड़ते हुए देखा गया और फिज़ियो की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। वे ओमान की पारी के बचे हुए हिस्से में फील्ड पर नहीं लौटे। अक्षर ने सिर्फ एक ओवर डाला जिसमें चार रन दिए। इस मैच में भारत ने कुल आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और 21 रन से मैच जीता। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी- दिलीप ने बताया कि अक्षर की हालत ठीक है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि मैचों के बीच काफी कम समय है। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में अपना अगला मुक़ाबला खेलने से पहले 48 घंटों से भी कम का वक्त मिलेगा। अक्षर ने बल्लेबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया। पांचवे नंबर पर आकर उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने संजू सैमसन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 45 रनों की पार्टनरशिप की। अगर किसी वजह से अक्षर पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रहते हैं, तो टीम के लिए तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरना मुश्किल हो सकता है। यह तभी संभव होगा जब किसी और खिलाड़ी को बुलाया जाए। आपको बता दें कि वरुण और कुलदीप ही दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जो अभी टीम में हैं।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप-2025

## भारत की अंडर-17 टीम भूटान को हराकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ, भारत के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने बयान में कहा कि भारत अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने शुक्रवार को कोलंबो के रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एआईएफएफ ने कहा है कि भारतीय टीम अब सोमवार को पाकिस्तान के साथ खेलेगी। इस मैच का विजेता ग्रुप बी में शीर्ष पर रहेगा। मैच का विजयी गोल दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी रहान अहमद के रूप में आया। महासंघ ने कहा कि दूसरे हाफ में शामिल किए गए सुपर-सब रहान अहमद ने 57वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा और भारत को 1-0 से मामूली अंतर से जीत दिलाई। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। पहले हाफ में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। भूटान ने अपने खेल में संयम बरता।

## नवी मुंबई में होगी महाराष्ट्र की पहली फॉर्मूला नाइट स्ट्रीट रेस

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र खेलों की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में रेसिंग प्रमोशन्स प्रा- लि- (आरपीपीएल) और नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के बीच एमओयू साइन किया गया। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) का भव्य फिनाले दिसम्बर 2025 में आयोजित किया जाएगा। इस घोषणा के साथ मुंबई को उसका पहला एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट रेसिंग सर्किट मिलने जा रहा है, जो शहर को वैश्विक खेल कैलेंडर पर मजबूती से स्थापित करेगा। पहली बार नवी मुंबई की सड़कें रात में जगमगाते फ्लडलाइट्स के बीच हाई-स्पीड रेसिंग ट्रैक में बदलेंगी। यह नाइट रेस भारत में मोटरस्पोर्ट्स का नया इतिहास रचने वाली होगी।

## एसए20, भारत का दौरा सीएसए के खजाने के लिए क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में अपनी वार्षिक बैठक में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 13,723,600 अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ घोषित किया।

यह पिछले वर्ष के लाभ से लगभग साढ़े तीन गुना कम है, लेकिन इससे पहले तीन वर्षों में उन्हें हुए नुकसान (वर्तमान विनिमय दरों के अनुसार) 6,861,800 अमेरिकी डॉलर से 12,743,342 अमेरिकी डॉलर के नुकसान की तुलना में यह उल्लेखनीय सुधार है।

खेल बदलने वाले कारक एसए20 रहे हैं, जिसका आंशिक स्वामित्व सीएसए के पास है, और पिछले दो सत्रों में भारतीय पुरुष टीम के आकर्षक दौरे रहे हैं।



## चोटिल नेमार अभ्यास से हुए बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के फुटबॉल क्लब सैंटोस ने बताया है कि फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे फॉरवर्ड नेमार जांघ की चोट के कारण अभ्यास से बाहर हो गए हैं। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर 33 वर्षीय नेमार गुरुवार को दाहिनी जांघ में दर्द के कारण अभ्यास से बाहर हो गए।

बाद में हुई जांच में रेक्टस फेमोरिस मांसपेशी में चोट की पुष्टि हुई। क्लब ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ष्नेमार जूनियर ने सैंटोस एफसी के चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में इलाज शुरू कर दिया है। हालांकि उनकी वापसी की कोई समय सीमा नहीं बताई गई। अक्टूबर 2023 में घुटने में गंभीर चोट लगने के बाद से नेमार ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## जेफरसन-वुडन का विश्व चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल

● मेलिसा-वुडन ने महिलाओं की 200 मी. दौड़ में शानदार जीत हासिल और 100 मी. में भी अपना खिताब जोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिकी मेलिसा जेफरसन-वुडन ने शुक्रवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल पूरा किया। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में शानदार जीत हासिल की और 100 मीटर में भी अपना खिताब जोड़ा। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 21:68 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपने करियर का चौथा विश्व खिताब जीता।

वह पिछली दो चैंपियनशिप में अमेरिका की विजेता 4ग100 मीटर रिले टीमों का भी हिस्सा थीं। ब्रिटेन की एमी हंट ने 22-14 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि जमैका की गत चैंपियन शेरिका जैक्सन ने 22-18 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच अमे.रिकी स्प्रिंट सनसनी नोआ लाइल्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 19:52 सेकंड का प्रभावशाली समय निकालकर लगातार चौथी जीत हासिल की। 28 वर्षीय लाइल्स ने चार विश्व चैंपियनशिप में अपना छठा स्वर्ण पदक हासिल किया, जिसमें बुडापेस्ट में 100 मीटर का खिताब और दोहा तथा बुडापेस्ट में 4ग100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक शामिल हैं। दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता केनेथ ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 19:58 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता और अमेरिका को पहला-दो स्थान दिलाया। जमैका के लेवेल ने 19:64 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस सप्ताह के शुरू में 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो, 19:65 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहकर पोडियम से चूक गए।

# सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाक

## रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले: भारत से जंग हुई, तो सऊदी साथ देगा, 2 दिन पहले हुई डिफेंस डील

**इस्लामाबाद/लंदन।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार सऊदी अरब के साथ शेयर करेगा। दोनों देशों के बीच बुधवार को एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे दोनों पर हमला माना जाएगा।

आसिफ ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमारी परमाणु क्षमता पहले से अच्छी है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा करता है। हमारे पास युद्ध के लिए ट्रेंड सेनाएं हैं। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत निश्चित रूप से उपलब्ध होंगी। जब आसिफ से पूछा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान में जंग होती है तो क्या सऊदी अरब इसमें पाकिस्तान की तरफ से शामिल होगा? इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिल्कुल, इसमें कोई शक की बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। आसिफ ने कहा कि इस समझौते का इस्तेमाल किसी हमले के लिए नहीं, बल्कि रक्षा के लिए किया जाएगा। मीडिया





रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आर्थिक मदद दी है। पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार हैं, जो भारत के 172 हथियारों के लगभग बराबर हैं। आसिफ ने आगे कहा कि न तो सऊदी अरब ने किसी खास देश का नाम लिया और न ही हमने किसी का नाम लिया। यह बस एक अम्ब्रेला है जो दोनों को मिला है, जिसमें नियम है कि किसी एक पर भी हमला होता है तो दोनों मिलकर उसका जवाब देंगे। आसिफ ने यह भी कहा कि यह कोई 'आक्रामक समझौता नहीं', बल्कि 'रक्षा व्यवस्था' है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुए ऐतिहासिक रक्षा समझौते के बाद कई देशों ने पाकिस्तान के साथ ऐसे ही रणनीतिक रक्षा समझौते करने में रुचि दिखाई है। लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा कि अभी जल्दी है कुछ कहना, लेकिन इस समझौते के बाद अन्य देशों ने भी इस तरह की व्यवस्था की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते एक नियम के

**पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा: पाक दूसरे देशों के साथ भी ऐसी डिफेंस डील करेगा**

तहत ही तय होते हैं। सऊदी अरब के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में ही कई महीने लगे थे। डार ने समझौते को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों इससे संतुष्ट और खुश हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब ने हमेशा मुश्किल वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है, खासकर हालिया अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक संकट के दौरान। समझौते पर दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रायटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।



**गुजरात। भावनगर में एक रोड शो के दौरान उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## अफगान के वरिष्ठ अधिकारी ने की ट्रम्प की टिप्पणी की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने युद्ध के बाद देश में बगराम एयरबेस पर पुन: कब्जा करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयान की आलोचना की और कहा कि हम अफगान अपने देश में विदेशी सैन्य उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो और टेलीविजन (आरटीए) ने इसकी जानकारी दी। सरकारी मीडिया आउटलेट ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक जलाली के हवाले से कहा कि अपने पूरे इतिहास में अफगानों ने कभी भी अपनी धरती पर विदेशी सैन्य की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को द्विपक्षीय सम्मान एवं साझा हितों के मद्देनजर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर सहयोग करने की जरूरत है। ट्रम्प ने गुरुवार को लंदन में अगस्त 2021 में अमेरिकी वापसी के दौरान बगराम एयरबेस को छोड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना करते हुए संवाददाताओं से कहा कि हम इसे वापस लेना चाहते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**तालिबान ने ब्रिटिश दंपति को किया रिहा**

**दोहा।** लगभग आठ महीने तक तालिबान द्वारा हिरासत में रखे गए एक ब्रिटिश दंपत्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया और कतर पहुंचने के बाद वे अपनी बेटी से भावुक होकर मिले। उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग दो दशकों से अफगानिस्तान में रह रहे पीटर रेनॉल्ड्स (80) और उनकी पत्नी बार्बी (76) एक फरवरी को जब अपने घर लौट रहे थे, तब उन्हें रोक लिया गया। दंपति को शुक्रवार सुबह कतर की मध्यस्थता के माध्यम से रिहा कर दिया गया और बाद में वे दोहा पहुंचे जहां उनकी बेटी सारा एंटविसल ने उनसे मुलाकात की। हवाई अड्डे की इमारत की ओर साथ-साथ चलने से पहले उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया।

**चीन-रूस ने विधाई सहयोग को मजबूत करने का लिया संकल्प**

**मास्को।** चीन और रूस ने मंगलवार से शनिवार तक चलने वाले एक चीनी प्रतिनिधिमंडल की रूस यात्रा के दौरान अपने विधाई निकायों के बीच सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया है। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे चीन की राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष पेंग किगहुआ ने रूस के स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन, तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव और तातारस्तान राज्य परिषद के अध्यक्ष फ़रीद मुखमेतशिन से मुलाकात की। पेंग ने रूसी स्टेट ड्यूमा के उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर बाबाकोव के साथ संसदीय सहयोग के लिए चीन-रूस समिति के संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह-अध्यक्षता भी की।

**अगले सप्ताह दो दिन की यात्रा पर मोरक्को जाएंगे राजनाथ**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिह, मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदिई के निमंत्रण पर 22 सितम्बर को मोरक्को की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र की पहली यात्रा होगी जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के महत्व को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के लिए नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। यह आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है।

## आरएसएफ ने मस्जिद पर किया ड्रोन हमला, 70 की मौत

**काहिरा।** सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच उत्तरी दारफुर के अल फशर शहर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया। यहां नमाज के दौरान मस्जिद पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया गया है।

**हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया**

स्थानीय राहत समूह के एक कार्यकर्ता ने इस हमले के बाद का भयावह मंजर बयां किया। उसने बताया कि हमले के बाद मस्जिद पूरी तरह ढह गई है और कई शव मलबे में दबे हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, हमले का वीडियो भी सामने आया है, हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, सूडानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना इस विद्रोही मिलिशिया की पहचान है, और यह पूरी दुनिया के सामने खुलेआम ऐसा कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही आरएसएफ ने अल-फाशेर में 18 लोगों की हत्या कर दी थी और 14 अन्य को अगवा कर लिया था, जिनमें तीन लड़कियां भी शामिल हैं। सूडान में गृहयुद्ध अप्रैल 2023 से जारी है, जब सेना और आरएसएफ के कमांडरों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष शुरू हुआ था। इस लड़ाई ने पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश को बर्बाद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक 40000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं।

## भारत-यूएई के बीच अहम समझौतों की नींव तैयार

### गोयल के दौरे में बनी सहमति, पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है दौरा

**अबू धाबी।** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पारस्परिक सुरक्षा समझौता के कारण बढ़ी नजदीकी के कारण भारत की निगाहें अब पश्चिम एशिया में अपनी पुरानी स्थिति मजबूत करने पर है।

इस कड़ी में भारत की निगाहें क्षेत्र की एक और ताकत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर है। भारत जल्द यूएई के साथ अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में कई अहम समझौते करने जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दो दिवसीय यूएई दौरे पर समझौते की जमीन तैयार कर ली गई है। इसे पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। भारत यूएई उच्चस्तरीय निवेश कार्यदल की 13वीं बैठक में शिरकत करने पहुंचे गोयल ने वहां अबूधाबी इंडिया बिजनेस फोरम



**इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी**

में भी हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी है। ऊर्जा, तकनीक समेत कई अन्य क्षेत्रों में अहम समझौते के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर व्यापक बातचीत हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही दोनों देश इन क्षेत्रों में कई अहम समझौते पर सहमत होंगे। यूएई में 42 लाख भारतीय हैं। यूएई पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की तरह अहम ताकत है। दोनों देशों के बीच तेल के इतर दूसरे व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। अंतरिक्ष को लेकर सौ से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहे यूएई को इस क्षेत्र में भारत की मदद की जरूरत है। दूसरी ओर भारत को अरब के सबसे बड़े बंदरगाह जबल अली पोर्ट की जरूरत है। यूएई इजरायल मामले में इस्लामिक देशों से अलग रुख अपनाने के कारण चर्चा में है। इजरायल के कतर पर हमले के बाद 50 इस्लामिक देशों की बैठक में सांकेतिक उपस्थिति दर्ज करा कर यूएई ने नया रुख अपनाने का इशारा किया है। यूएई इजरायल को मान्यता देने वाले चुनिंदा इस्लामिक देशों में शमिल है, जिसने पांच वर्ष पूर्व इजरायल के साथ अब्राहम समझौता किया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हाई-टेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है और भारत इस क्षेत्र में सहयोग की दिशा में देख रहा है। यूएई में दो दिवसीय दौरे के दौरान शीर्ष अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय समुदाय से मुलाकातों के बाद गोयल ने मीडिया से बातचीत की।

## टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को 'सफल' बताते हुए कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आएंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गई थी। यहां तक कि ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे।

## पुर्तगाल भी देगा फलस्तीन को मान्यता

### अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा का केंद्र बन सकता है यह मुद्दा

**काहिरा।** गाजा पर इजरायल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे।

इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं। इजरायल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है। इजरायल की सेना का



**एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई**

**पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है**

कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इजरायली बमबारी से गाजा में 65000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है। गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा। यूनिसेफ ने खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया। चार ट्रकों से यह सामान गाजा सिटी में जबरन छीना गया। इजरायल ने इसका आरोप हमास पर लगाया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उनके पास मदद के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े तंत्र मौजूद हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इजरायल में हमला किया था जिसमें 1200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इनमें से 48 अभी भी गाजा में हैं और आधे से भी कम के जिंदा होने की आशंका है। इसके बाद से अब तक 65,100 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## तीन रूसी विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**तालिन।** तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र में घुस आए और कुल 12 मिनट तक वहां रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने इस घुसपैठ की 'बेशर्मी' करार देते हुए निंदा की और कहा कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान बिना अनुमति के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में घुस आए और फिनलैंड की खाड़ी के ऊपर कुल 12 मिनट तक वहां रहे। इस घटना से नाराज़ एस्टोनिया ने रूसी युद्धक विमानों द्वारा अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद अन्य नाटो सदस्यों से परामर्श का अनुरोध किया है। नाटो के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य गठबंधन ने 'तुरंत प्रतिक्रिया दी और रूसी विमान को रोक लिया', इसे 'रूस के लापरवाह व्यवहार और नाटो की प्रतिक्रिया देने की क्षमता का एक और उदाहरण' बताया।

## यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने की मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन।** राजनीतिक विज्ञानी और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई में भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के दावों को सार्वजनिक तौर से खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है।

एक साक्षात्कार के दौरान ब्रेमर ने इसे अन्य वैश्विक नेताओं की चुप्पी के उलट पीएम मोदी का साहसिक कदम करार दिया। ब्रेमर ने कहा कि ट्रम्प का रवैया था, मैं ताकतवर हूं, राष्ट्रपति हूं, मेरी बात माननी होगी, लेकिन मोदी ने, चीन और रूस की तरह उनका सामना किया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह कहकर ट्रम्प को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया। ब्रेमर के मुताबिक, मोदी

**इयान ब्रेमर बोले: अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को किया शर्मिंदा**

**अमेरिका-पाक रिश्तों में अनैतिक कारोबार की गंध**

का यह फैसला सोचा-समझा था। इससे उन्हें घरेलू राजनीति में मजबूती मिली और उनकी अमेरिका से अलग स्वतंत्र छवि भी दिखी, जो अमेरिका के अधिकतर सहयोगी देशों में नहीं दिखती। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्टार्मर ने ट्रम्प की नीतियों को नापसंद करने के बावजूद उन्हें खुश करने की कोशिश की ताकि बेहतर समझौते मिल सकें। वहीं अधिकतर नेता ट्रम्प की तारीफों के पुल बांधते रहे, लेकिन मोदी ने उन्हें सबके सामने चुनौती दी और घरेलू स्तर पर फायदा उठाया।

## यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

**लंदन।** यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गए। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेडयूल पर असर पड़ा है। शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं।

**चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप, मैन्युअल चेकइन कराया गया, कई फ्लाइट लेट, रद्द हुईं**

ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में 60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है। ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ। हीथ्रो यूरोप का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। कई फ्लाइट्स कैंसिल भी करनी पड़ीं। हैकर्स ने कालिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है।

## हांगकांग में द्वितीय विश्व युद्ध का बम निष्क्रिय किया

**हांगकांग सिटी।** हांगकांग पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्वी जिले में एक निर्माण स्थल पर मिले द्वितीय विश्व युद्ध के बम को निष्क्रिय कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माण स्थल और उसके आसपास का इलाका अब सुरक्षित है और खाली कराए गए निवासी वापस लौट सकते हैं। सभी बंद सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1.5 मीटर लंबे और लगभग 1000 पाउंड वज़नी इस हवाई बम को निष्क्रिय करने के लिए, पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे तक आसपास की इमारतों से लगभग 6000 लोगों को निकाला था। उनमें से कुछ ने देखभाल टीमों और जिला परिषद सदस्यों की सहायता से सामुदायिक केंद्रों में रात बिताई।

## जैश-हिजबुल के आतंकी अब खैबर ठिकाने बना रहे

### दावा: ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीओके छोड़ रहे, इसमें पाकिस्तान सरकार मदद कर रही

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से आतंकी डर गए हैं। अब जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन खैबर पख्तूनख्वा में अपने नए ठिकाने बना रहे हैं।

भारतीय डिफेंस और मिलिट्री के सूत्रों ने बताया कि आतंकी ग्रुप्स पीओके को अब भारतीय हमलों के कारण असुरक्षित मानते हैं। इसलिए, अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा की पहाड़ी इलाके उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है। हाल ही में पाकिस्तान में कुछ जगहों पर पुलिस सुरक्षा में जैश-ए-मोहम्मद ने सभाएं भी की थीं, जिसे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) जैसे



**पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है**

राजनीतिक-धार्मिक संगठनों का भी समर्थन था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के इन 7 शहरों में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। खैबर में भारत-पाकिस्तान मैच से जैश ने भर्ती अभियान चलाया सूत्रों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम 14 सितम्बर को खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में हुआ। यहां जैश ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच शुरू होने से लगभग सात घंटे पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर भर्ती अभियान चलाया। यह कार्यक्रम खैबर और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सीनियर कमांडर मोलाना मुफ्ती मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद की मौजूदगी में किया गया था। कार्यक्रम का नेतृत्व जैश-ए-मोहम्मद और जमात-उद-दावा ने किया था।



## रामलीला में पूनम पांडे बनेगी मंदोदरी

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री पूनम पांडे लव कुश रामलीला में महाबली रावण की पत्नी मंदोदरी का दमदार किरदार निभाएंगी। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया, जब हमने मंदोदरी की भूमिका के लिए पूनम पांडे से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। पूनम पांडे ने कहा कि यह उनके जीवन का सपना है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूरा हुआ है। लाइव मंचन में हजारों दर्शकों के सामने मंदोदरी को साकार करना चुनौतीपूर्ण है।

इसलिए वह अभी से गहन रिहर्सल कर रही हैं। पूनम पांडे ने कर्मा द जर्नी, जीएसटी: गलती से सिर्फ़, जैसी फिल्मों और टीवी धारावाहिक सीआईडी में अपनी पहचान बनाई है। मंच पर वह प्रसिद्ध अभिनेता आर्य बब्बर के साथ नज़र आएंगी, जो इस वर्ष रावण की भूमिका निभा रहे हैं।

## रजनीकांत के 50 सुनहरे साल: प्राइम वीडियो ने दिया यादगार नजराना



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के शानदार 50 साल के सिनेमाई सफर का जश्न मनाते हुए एक बेहद खास ट्रिब्यूट वीडियो जारी किया है। यह वीडियो रजनीकांत की तमिल एक्शन थ्रिलर कुली के लॉन्च के साथ आया है। इस खास वीडियो में डायरेक्टर लो. केश कनगराज और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध भी नजर आ रहे हैं, जिन्होंने रजनीकांत के इस ऐतिहासिक सफर को और यादगार बना दिया है।

वीडियो में रजनीकांत के आइकॉनिक स्टाइल, उनके बेमिसाल ऑन-स्क्रीन प्रेज़ेंस और पीढ़ियों से चले आ रहे उनके फैंस के साथ गहरे कनेक्शन को खूबसूरती से दिखाया गया है। जश्न और वीडियो को और खास बनाने के लिए, प्राइम वीडियो ने चेन्नई भर में एक हाई-इम्पैक्ट बिलबोर्ड कैंपेन भी शुरू किया है। इसमें रजनीकांत के सबसे मशहूर पंचलाइनों को नए अंदाज़ में पेश किया गया है, जो उनके फैंस की तरफ़ से इस लीजेंड को एक अनोखा ट्रिब्यूट है। चेन्नई की सड़कों पर लगे यह बिलबोर्ड पूरे शहर को एक लिविंग कैनवास में बदल देते हैं, जहां हर कोना रजनीकांत के शानदार करियर और उनकी विरासत का जश्न मनाता दिखाई देता है।

कुली अब तमिल में स्ट्रीम हो रही है, साथ ही इसका डब्ड वर्ज़न तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों व इलाकों में उपलब्ध है। यह फिल्म एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर का अनुभव देती है। जिसमें न्याय, वफादारी और हाई-ऑक्टेन ड्रामा का तड़का है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखता है। रिलीज के बाद से ही कुली दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है और 20 से ज्यादा देशों, जिनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग, यूएई शामिल हैं, वहां टॉप 10 मूवीज़ की लिस्ट में जगह बना चुकी है।

# शाहरुख खान की किंग पर सबकी नजर

### दीपिका पादुकोण ने पौलेंड में शुरू की शूटिंग

### किंग में अक्षय ओबेरॉय की हो सकती है एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग की शूटिंग की शुरू कर दी है। दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला नोट लिखते हुए, शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग शुरू करने की बात साझा की है। फिल्म किंग दीपिका और शाहरुख की छठी फिल्म है। इससे पहले दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी, जो दीपिका का डेब्यू भी था। दीपिका ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। दीपिका ने ओम शांति ओम की शूटिंग को याद करते हुए बताया कि शाहरुख ने उन्हें एक सीख सिखाई थी, जिसे वह अब तक लिए गए हर फैसले में अपनाती आ रही हैं। शाहरुख और दीपिका ने वर्ष 2013 में रोमांटिक कॉमेडी चेन्नई एक्सप्रेस, वर्ष 2014 में हैप्पी न्यू ईयर और वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म पठान में भी साथ काम किया था। उनकी जोड़ी की आखिरी फिल्म जवान (2023) थी।

उधर, अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय ओबेरॉय ने सोशल मीडिया पर यह शेयर करके इंटरनेट पर हलचल मचा दी कि वह पोलैंड के लिए रवाना हो रहे हैं। सबका ध्यान इस बात पर गया कि शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म किंग की शूटिंग भी इस समय पोलैंड में हो रही है। हालांकि अक्षय की तरफ़ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समय और जगह के मेल ने फैन्स को उत्साहित और जिज्ञासु बना दिया है। फैन्स ने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि अक्षय शायद इस बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर की स्टार कास्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इन अटकलों को और मज़बूती देता है अक्षय का किंग के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ पुराना रिश्ता। दोनों पहले फ़ाइटर और फ्लेश जैसी प्रोजेक्ट्स पर साथ काम कर चुके हैं और उनकी अच्छी ट्यूनिंग से ये संभावना और बढ़ जाती है कि अक्षय को किंग के लिए लिया जा सकता है। फिलहाल, फैन्स को इंतज़ार करना होगा कि क्या अक्षय ओबेरॉय सच में शाहरुख खान के इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हैं या नहीं।

## प्रियंका को मिला सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड

**यशोदा श्रीवास्तव**

पिछले दिनों अयोध्या में आयोजित पूर्वांचल ब्यूटी अवार्ड शो में सेलिब्रेटी मेकप आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित प्रियंका जायसवाल ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभाएं केवल शहरों और कुछ परंपरागत घरानों से ही नहीं निखरती। छोटे से कस्बे बृजमनगंज की बहु प्रियंका जायसवाल ने सिलेब्रिटी मेकप की दुनिया में मुकाम हासिल कर न केवल बृजमनगंज बल्कि जनपद महराजगंज (उत्तर प्रदेश) का मान बढ़ाया है। प्रियंका जायसवाल के खाते में मेकप एचीवमेंट का ढेर सारा अवार्ड है। वे इसका कभी गुमान नहीं की। वे सुर्खियों में अयोध्या के होटल कोहिनूर में आयोजित बड़े ब्यूटी अवार्ड शो में परिधि शर्मा के हाथों मिले अवार्ड के बाद आईं। परिधि शर्मा मशहूर टीवी आर्टिस्ट हैं। टीवी सीरियल जोधा अकबर में वे जोधा की भूमिका में थीं। प्रियंका जायसवाल को अपने हाथों अवार्ड देते वक्त उन्होंने कहा कि वे जानती हैं कि ब्यूटीशियन कितनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचती हैं। जोधा के रूप में मेरी कामयाब रोल के पीछे प्रियंका जैसी ही मेहनती और अपनी कला में पारंगत कोई ब्यूटीशियन ही हैं जिसने अपनी मेकप आर्ट के हुनर से मुझे जोधा के रूप में प्रस्तुत किया। प्रियंका जायसवाल अब एक कामयाब सेलीब्रिटी मेकप आर्टिस्ट हैं। गोरखपुर की रहने वाली प्रियंका को यह हुनर उनकी मां से हासिल हुआ जो एक ब्यूटीशियन थीं। अब वे अपने ससुराल बृजमनगंज में रह रही हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के इस छोटे कस्बे में उनका एक शानदार मेकप स्टूडियो है जहां वे बच्चियों को ट्रेनिंग भी देती हैं। वे अपनी कामयाबी के पीछे पति गौरव जायसवाल और अपने सास ससुर को देती हैं। कहती हैं कि मां से मिला यह हुनर फ्लॉप हो जाता यदि ससुराल में प्रोत्साहन न मिलता। उनका यह भी मानना है कि प्रतिभाओं को यदि सहारा न मिले तो वे जहां तहां धरी रह जाती हैं।



**हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब से सम्मानित होती प्रियंका।**



**अपूर्व लाखिया ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।**



# सलमान ने पूरी की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है। उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी।**

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग सिर्फ 45 दिनों में पूरी कर ली है। अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है।

उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी। सैनिकों ने लाठी और पत्थरों से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी, जिससे यह हाल के भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा भावनात्मक कहानियों में से एक बनकर सामने आई। अपनी दमदार कहानी और कमाल की स्टार कास्ट के साथ बैटल ऑफ गलवान हाल के सालों में भारतीय सेना को समर्पित सबसे असरदार सिनेमाई श्रद्धंजलि बनने जा रही है।

सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग 45 दिनों के शेड्यूल में अच्छी तरह से पूरी कर ली है। ऐसे में निर्देशक अपूर्व लाखिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट के कुछ खास पर्दे के पीछे के लम्हों को साझा किया है। अपूर्व ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।

# होमबाउंड ने आस्कर में बनाई जगह



**मुंबई।** युवा अभिनेता विशाल जेठवा अपनी फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉर्ड्स ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने को लेकर बेहद खुश हैं। विशाल जेठवा ने कहा, यह पल मेरे लिए बिल्कुल अविश्वसनीय है। यह वही खबर है जिसका हर अभिनेता एक दिन सपना देखता है। यह जानकर कि होमबाउंड दुनिया के सबसे बड़े सिनेमा मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है, मेरे लिए मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत से परे एक अनुभव है।

मैं निर्देशक नीरज घेवन का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे ऐसा रोल दिया जिसने मुझे न केवल बतौर कलाकार बल्कि बतौर इंसान भी बदल दिया। ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर के साथ काम करना भी खास रहा -वे सिर्फ सह-अभिनेता नहीं बल्कि सहयोगी साथी थे, जिन्होंने हर सीन को अपनी ऊर्जा और उदारता से बेहतर बनाया।

विशाल ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए एक उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, जुनून और भारतीय कहानियों की ताकत का प्रमाण है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति और दिल को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाती है। इतने शानदार कलाकारों के साथ खड़े होकर और अपने देश का नाम दुनिया के सामने रोशन करना बहुत विनम्र और प्रेरणादायक अनुभव है और मैं आगे के सफर के लिए उत्साह और आभार से भरा हूं। नीरज घेवन के निर्देशन में बनी होमबाउंड को पहले ही अंत. रराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी संवेदनशील कहानी और शानदार अभिनय के लिए सराहना मिल चुकी है।

यह फिल्म दो बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो एक उत्तर भारतीय गांव से पुलिस की नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन जैसे-जैसे वे अपने लक्ष्य के करीब आते हैं, लालच और निजी टकराव उनकी दोस्ती की परीक्षा लेने लगते हैं। धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित होमबाउंड अब अपने ऑस्कर अभियान की शुरुआत कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को एक और ऐतिहासिक जीत के करीब लाना है। ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा अभिनीत यह फिल्म 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीजज होगी।

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/ SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on 29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.).
ISLAMIA DEGREE COLLEGE DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob: 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108